JANMARG news
Janmarg News Youtube Channel
जनमार्ग

केन्द्र व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI Registration No. 3773 / 58
e-mail :dainikjanmarg@gmail.com
Website:- www.janmarg.com

# जनमार्ग

निष्पक्ष ◆ निर्भिक ◆ सांध्य दैनिक



आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | : 33 |
| न्यूनतम | : 16 |
| हवा में नमी | : 122 |

वर्ष : 66 ● अंक: 106 ● श्रीगंगानगर, बुधवार , 12.03.2025, मो. 94140-87692, 77421-86692, 0154-2970692 ● मूल्य: 2 रुपये ● पृष्ठ :8

# भारत में बिना वैध पासपोर्ट घुसने पर 5 साल जेल

## » लोकसभा में इमिग्रेशन बिल पेश » जो विदेशी भारत के लिए खतरा, उसे एंट्री नहीं

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** भारत आने वाले विदेशी नागरिकों की आवाजाही प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाने के केन्द्र सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में इमिग्रेशन और विदेशी विधेयक-2025 पेश किया। इस बिल के मुताबिक यदि कोई गैर कानूनी तरीके से किसी विदेशी को देश में लाता, ठहराता या बसाता है, तो उसे 3 साल जेल या 2 से 5 लाख रुपए का जुर्माना या फिर दोनों की सजा हो सकती है। भारत में आने के लिए किसी भी विदेशी के पास वैध पासपोर्ट और वीज़ा होना अनिवार्य होगा। विपक्ष ने लोकसभा में इस बिल का विरोध किया। प्रस्तावित कानून के तहत विदेशी नागरिकों को विभिन्न अधिनियमों के तहत सजा दी जा सकती है- पासपोर्ट एक्ट, 1920 विदेशी पंजीकरण एक्ट, 1939 फॉरेनर्स एक्ट, 1946 इमिग्रेशन एक्ट, 2000 विदेशी को भारत आने से रोक सकती है सरकार यदि कोई शिक्षण या मेडिकल संस्थान, अस्पताल या निजी आवास के मालिक किसी विदेशी नागरिक को रखते हैं तो उन्हें इसकी



पहले इसकी सूचना सरकार को देनी होगी। कोई भी विदेशी किसी भी संस्थान में दाखिला लेता है तो उसे एक फॉर्मेट में अपनी जानकारी भरकर पंजीकरण अधिकारी को देना होगी। इस कानून का मकसद राष्ट्रीय सुरक्षा तय करना है। साथ ही भारत में आने-जाने और रहने से जुड़े नियमों को सख्त बनाना है। इसके तहत अगर सरकार को किसी विदेशी नागरिक से खतरा महसूस होता है, तो सरकार उस विदेशी नागरिक को भारत आने से रोक सकती है। लोकसभा में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बिल पेश करते हुए कहा, देश की उन्नति, प्रभुता और शांति सरकार की जिम्मेदारी है। ये बिल हम किसी को रोकने के लिए नहीं ला रहे हैं, ज्यादा से ज्यादा लोग यहां पर आए लेकिन हमारे देश का जो कानून है उसका पालन जरूर करें। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अगर कोई शख्स बिना परमिट के भारत में घुसता है, अवैध रूप से ज्यादा समय तक ठहरता है या जाली दस्तावेज़ इस्तेमाल करता है, तो उसे सख्त सजा मिलेगी। जो भी विदेशी, भारत आएंगे, उन्हें अराइवल पर रजिस्ट्रेशन कराना जरुरी होगा।

## इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान से चोरी का खुलासा

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में एक इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान से हुई बड़ी चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इसके साथ ही पंजाब निवासी दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर पहले से भी चोरी के कई मामले दर्ज हैं। धीरज कुमार की कुशवाहा टेलिकॉम एंड इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में 25 जुलाई की रात करीब 3.30 बजे चोरी हुई थी। चोरों ने दुकान की दीवार में छेद करके 18 पंखे, 15 मोबाइल फोन, चार्जर, डेटा केबल, मेमोरी कार्ड, पावर बैंक, एलईडी बल्ब, मोटर, बैटरी समेत कई उपकरण और 15 हजार रुपए की नकदी चुरा ली थी। पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और मुखबिरों की मदद से पंजाब के फाजिल्का से दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी सोनू सिंह (21) और बिंद्र सिंह (22) हैं। पूछताछ में दोनों ने श्रीगंगानगर जिले और पंजाब में कई दुकानों और गोदामों में चोरी करना कबूल किया है। आरोपियों ने मर्जीवाला, सरवर खुयिां, अबोहर टोल नाका और अबोहर में भी चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। दोनों पर पहले से दर्जनभर चोरी और एनडीपीएस के मामले दर्ज हैं। ये अंतरराष्ट्रीय तस्करों से भी जुड़े हुए थे। डीआईजी गौरव यादव के मुताबिक मलकीत सिंह, कंवरपाल सिंह, अम्बालाल, रामनिवास और मंगतराम की टीम ने इस मामले का सफल खुलासा किया है।

## विधानसभा में हंगामा, कांग्रेस ने किया प्रश्नकाल का बहिष्कार

● जूली को बोलने से रोकने का आरोप



जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष को बोलने से रोकने पर जोरदार हंगामा हुआ। हंगामे के बाद कांग्रेस विधायक प्रश्नकाल का बहिष्कार करके सदन से चले गए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष बाधा डालने का बहाना ढूंढते हैं। दरअसल, जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के जवाब पर टीकाराम जूली बोलने के लिए खड़े हुए थे, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली। स्पीकर ने कहा कि आप चार सवाल पूछ चुके, हर बार खड़े होना सही नहीं है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि विधायक का जवाब ही नहीं आया है, विधायक ने कार्रवाई के लिए पूछा है। स्पीकर ने कहा कि चार बार हो गया इतना थोड़ा ही चर्चा कर सकते हैं, आप चेंबर में जाकर मिल लेना। इससे पहले विवेकानंद स्कॉलरशिप योजना को लेकर भी टीकाराम जूली और डिप्टी सीएम में नोकझोंक हुई थी। विधानसभा में आज प्रदेश का बजट पास होगा। इससे पहले विधानसभा में विनियोग विधेयक और वित्त विधेयक पर बहस होगी। इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 5ः00 बजे विनियोग विधेयक पर हुई बहस का जवाब देंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री कई बड़ी घोषणाएं भी करेंगे। कांग्रेस के हंगामे को लेकर मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि इनको बहानेबाजी चाहिए। कांग्रेस आपसी कलह से जूझ रही है। कहीं से इशारा आता है तो बाहर जाओ कहीं से इशारा आता है अंदर आओ। मंत्री जवाब दे रहे हैं तो सुनने को तैयार नहीं हैं। जलदाय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के वक्त जलजीवन मिशन में भारी घोटाला हुआ, यह लूटना चाहते हैं, नहीं लूटने देंगे। जोगाराम पटेल ने कहा कि हम नेता प्रतिपक्ष का सम्मान करते हैं इसका मतलब यह नहीं है कि वह पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर व्यवधान करें।

## थाने में कॉन्स्टेबल ने की आत्महत्या

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण के एक थाने में कॉन्स्टेबल ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना के बाद थाने में हड़कंप मच गया। कॉन्स्टेबल के मौत की सूचना मिलने पर सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंचे। मामला जयपुर ग्रामीण के आंधी थाने में मंगलवार देर रात का है। कॉन्स्टेबल हरिओम (35) के बिस्तर से एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें लिखा है- इसमें किसी की गलती नहीं है..बच्चों का ध्यान रखना। एसपी जयपुर ग्रामीण आनंद शर्मा ने बताया कि कॉन्स्टेबल हरिओम मूल रूप से भरतपुर के गढ़ कुम्हेर भरतपुर के रहने वाले थे। साथी पुलिसकर्मियों ने बताया कि वह कई देर तक थाना परिसर में ही था। रात में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने रात 1 बज तक थाने के आस-पास उसे घूमते हुए देखा। इसके कुछ देर बार वह नहीं दिखा।

## विधायक जयदीप बिहाणी ने दी होली की बधाई

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** विधायक जयदीप बिहाणी ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं, समर्थकों और आम लोगों को होली पर्व पर बधाई दी है। बिहाणी ने कहा है कि होली की खुशियों को मिलजुल कर बांटे और राज्य को विकास की नई उंचाइयों पर पहुंचाने का संकल्प लें। मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि होली का पर्व आपके जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।

## श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, एक की मौत

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** धौलपुर-करौली हाईवे पर बुधवार सुबह करीब 3 बजे बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस के पलटने से उसमें सवार एक यात्री की मौत हो गई। वहीं 20 यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद सभी घायलों को पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिनमें से चार की हालत गंभीर होने पर उन्हें इलाज के लिए रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंचे प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विजय सिंह ने बताया कि बस उत्तर प्रदेश के औरैया जिले से मेहंदीपुर बालाजी जा रही थी। इसी दौरान बीजोली के पास बस के ड्राइवर को नींद की झपकी आ गई। जिससे बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बचाव और राहत कार्य चलाते हुए घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

## सांसद अमृतपाल सिंह को हाईकोर्ट से राहत नहीं, संसद में छुट्टी मंजूर

● सेशन में शामिल नहीं हो पाएंगे, याचिका का निपटारा

जनमार्ग न्यूज

**चंडीगढ़।** पंजाब की खडूर साहिब के सांसद खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट (हाईकोर्ट) से राहत नहीं मिली है। वह संसद के बजट सत्र में शामिल नहीं हो सकेंगे। हालांकि संसद से छुट्टी मंजूरी होने के बाद हाईकोर्ट ने उनकी याचिका का निपटारा कर दिया है। वहीं, उनकी सदस्यता भी बरकरार रहेगी। अमृतपाल सिंह ने अपनी याचिका में कहा कि यदि वह लगातार 60 दिनों से अधिक अनुपस्थित रहते हैं, तो उनकी खडूर साहिब संसदीय सीट खतरे में पड़ सकती है, जिससे उनके 19 लाख मतदाताओं को बिना प्रतिनिधित्व के रहना पड़ेगा। संसद के नियमों के अनुसार, यदि कोई सांसद



लगातार 60 दिनों तक सदन में उपस्थित नहीं होता है और उसकी अनुपस्थिति को मंजूरी नहीं दी जाती, तो उसकी सदस्यता समाप्त की जा सकती है लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सांसदों के अवकाश अनुरोधों पर विचार करने के लिए एक 15 सदस्यीय समिति का गठन किया था, जिसकी अध्यक्षता भाजपा सांसद और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री विप्लव कुमार देव कर रहे हैं। समिति ने अमृतपाल सिंह के अनुरोध पर विचार करने के बाद उनकी अनुपस्थिति की अनुमति देने की सिफारिश की है। हालांकि, अंतिम निर्णय लोकसभा अध्यक्ष द्वारा लिया जाएगा। अमृतपाल सिंह अप्रैल 2023 से राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं। उसने अपनी नजरबंदी के कारण लोकसभा अध्यक्ष को दो अनुरोध प्रस्तुत किए थे, जिनमें उन्होंने संसद से अनुपस्थिति की अनुमति मांगी थी। सांसद अमृतपाल सिंह ने 24 जून से 2 जुलाई (9 दिन), 22 जुलाई से 9 अगस्त (19 दिन) और 25 नवंबर से 20 दिसंबर (26 दिन) कुल मिलाकर, उन्होंने 54 दिनों की छुट्टी के लिए आवेदन किया था।

## सेना के ऑपरेशन में 27 विद्रोही ढेर

जनमार्ग न्यूज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर उसे हाईजैक कर लिया। 24 घंटे से ज्यादा बीत चका है और अब तक सेना के ऑपरेशन में 27 विद्रोहियों को मारा जा चुका है। क्वेटा से पेशावर जा रही इस ट्रेन में 425 लोग सवार थे। इन पैसेंजर्स में पाकिस्तानी सैनिक और पुलिसवाले शामिल थे। इनमें से 214 को बंधक बनाया गया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक सिक्योरिटी फोर्सेज ने 155 बंधकों को रिहा करा लिया है। बाकी की रिहाई के लिए ऑपरेशन जारी है। बीएलए ने बंधक बनाए गए पैसेंजर्स को युद्धबंदी कहा है और इनके बदले पाकिस्तान की जेल में बंद बलूच कार्यकर्ताओं, राजनैतिक कैदियों, गायब लोगों, लड़ाकों और अलगाववादी नेताओं की बिना शर्त रिहाई की मांग की है। इसके लिए बीएलए ने मंगलवार रात 10 बजे पाकिस्तान सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है।

## संभल की जामा मस्जिद में होगी रंगाई-पुताई

जनमार्ग न्यूज

**प्रयागराज।** संभल की जामा मस्जिद में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रंगाई-पुताई की मंजूरी दे दी है। कोर्ट ने कहा कि मस्जिद कमेटी मस्जिद की बाहरी दीवारों में ही रंगाई-पुताई करवा सकती है। रमजान के दौरान मस्जिद में लाइटिंग भी करवा सकती है, लेकिन इस दौरान ढांचे को किसी भी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाया जाना चाहिए। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने बुधवार को यह आदेश सुनाया। 25 फरवरी को जामा मस्जिद कमेटी के वकील जाहिर असगर ने मस्जिद की रंगाई-पुताई के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। कहा था- हम लोग हर साल रमजान से पहले मस्जिद की रंगाई-पुताई करते हैं, लेकिन इस बार प्रशासन अनुमति नहीं दे रहा है। हिंदू पक्ष रंगाई-पुताई का विरोध कर रहा था।

## ट्रक से टकराई यूपी जा रही बस, 2 की मौत

जनमार्ग न्यूज

**डूंगरपुर।** दिल्ली-मुंबई नेशनल हाईवे-48 पर खड़े ट्रक से प्राइवेट बस टकरा गई। इस हादसे में 2 बस यात्रियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। छह यात्री घायल हैं। मृतकों में श्रावस्ती और भीलवाड़ा के रहने वाले युवक शामिल हैं। बस राजकोट (गुजरात) से बहराइच जा रही थी। सभी घायलों को डूंगरपुर के जिला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना डूंगरपुर से करीब 40 किमी दूर बिछीवाड़ा इलाके में बुधवार सुबह 5 बजे हुई। बिछीवाड़ा के थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि बस राजकोट (गुजरात) से यूपी जा रही थी। सुबह बिछीवाड़ा-उदयपुर मार्ग पर बौखला गांव के पास बस, हाईवे किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई। सुबह का समय होने के कारण सारे पैसेंजर सो रहे थे। हादसे के बाद तेज धमाका हुआ और बस में चीख-पुकार मच गई।

## हरियाणा में बीजेपी की 10 में से 9 निगमों जीत

● मानेसर में निर्दलीय ने मारी बाजी, कांग्रेस पीछे

जनमार्ग न्यूज

**हिसार।** हरियाणा के 10 नगर निगमों के मेयर चुनाव के नतीजे आने शुरू हो गए हैं। मानेसर निगम में निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. इंद्रजीत यादव ने जीत दर्ज की। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार सुंदर लाल को हराया। इंद्रजीत यादव ने खुद को केंद्रीय राज्यमंत्री व गुरुग्राम से भाजपा सांसद राव इंद्रजीत की करीबी बताकर प्रचार किया था। वहीं, भाजपा रोहतक, हिसार, करनाल, अंबाला, सोनीपत और फरीदाबाद नगर निगम में मेयर का चुनाव जीत गई है। कांग्रेस सभी निगमों में पीछे है।। कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट के विधानसभा क्षेत्र जुलाना की नगर पालिका में चेयरमैन पद के लिए भाजपा के डॉ. संजय जांग?ा ने जीत दर्ज की है। फतेहाबाद जिले की जाखल मंडी नगर पालिका में निर्दलीय उम्मीदवार विकास कुमार



चेयरमैन बन गए हैं। नगर निगम मेयर के चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस को करारी शिकस्त दी है। तीन बार कलानौर हलके से विधानसभा चुनाव हार चुके पार्टी के मेयर प्रत्याशी रामअवतार वाल्मीकि ने कांग्रेस प्रत्याशी सूरजमल किलोई को 45 हजार 191 हजार वोटों के अंतर से मात दी। खास बात यह रही कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जाट बाहुल्य वार्डों में जहां कांग्रेस ने जीत हासिल की थी, वहां भाजपा मेयर चुनाव में भारी पड़ी। नॉन जाट बाहुल्य वार्डों में तो कांग्रेस को करारी हार मिली है। 13 राउंड चली मतगणना में कांग्रेस भाजपा को एक भी राउंड में नहीं हरा सकी। निगम चुनाव में भाजपा ने जहां पूरा जोर लगाया, जबकि कांग्रेस में उत्साह नजर नहीं आया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा चुनाव प्रचार करने तक नहीं आए। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने ही चुनाव प्रचार की कमान संभाली। कांग्रेस विधायक बीबी बतरा व शकुंतला खटक ही अपने हलकों में प्रचार करते दिखे। दूसरी तरफ भाजपा पूरी ताकत लगा रखी थी। मुख्यमंत्री नायब सैनी न केवल मेयर प्रत्याशी का नामांकन कराने आए, बल्कि रोहतक से ही निकाय चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी किया गया। इसके अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, मंत्री अरविंद शर्मा, कृष्णलाल पंवार, कृष्ण बेदी, श्रुति चौधरी, विधानसभा के उपाध्यक्ष कृष्णलाल मिड्ढा व पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने प्रचार में भाग लिया।

## होली पर बारिश के साथ ओले गिरेंगे

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** राजस्थान में होली (14 व 15 मार्च) पर बारिश के साथ ओले भी गिरने की चेतावनी जारी की गई है। 13 मार्च से ही मौसम में बदलाव होने शुरू हो जाएंगे। 15 मार्च को ओले गिरने का येलो अलर्ट है। दूसरी ओर, मार्च के दूसरे सप्ताह में ही पारा आसमान छूने लगा है। बाड़मेर और जालोर जैसे जिले तो हीटवेव (लू) की चपेट में हैं। लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी हीटवेव चली। आज (बुधवार) को भी बाड़मेर और जालोर के लिए हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट है। हेल्थ डिपार्टमेंट ने भी लू से निपटने के सभी इंतजाम रखने के जिलों को निर्देश दिए हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान में सबसे ज्यादा तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर का रहा। जालोर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह औसत से 7 डिग्री सेल्सियस ऊपर है। जोधपुर, चित्तौड़गढ़, सिरोही, डूंगरपुर, पाली में भी कल तेज गर्मी रही। यहां दिन का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, गर्मी के तेज होने के पीछे कारण पश्चिम से आ रही सीधी हवा और राजस्थान-गुजरात के ऊपर एक एंटी साइक्लोन का बनना है।

## सम्पादकीय

### जुलूस और विवाद

पुलिस दखल देकर स्थिति पर नियंत्रण कर ले, मगर इस बीच आपसी संदेह का जो माहौल बन जाता है, वह किसी के लिए अच्छा नहीं होता। आमतौर पर लोगों को बेवजह उन्माद से नुकसान समझ में आ जाता है, पर तब तक देर हो चुकी होती है और बहुत कुछ बिगड़ जाता है। भारत के आइसीसी चैंपियंस ट्राफी जीतने पर देश में सभी को खुशी हुई होगी। इस मौके पर जश्न मनाना भी स्वाभाविक है। मगर इससे उपजी इस अफसोसनाक स्थिति पर समाज के सभी संवेदनशील लोगों को सोचने की जरूरत है कि अगर कोई मौका सभी के लिए खुश होने का हो, उस समय दो पक्षों के बीच टकराव देश को किस ओर ले जाएगा। गौरतलब है कि चैंपियंस ट्राफी में भारत के खिताब जीतने के बाद जब रविवार को मध्यप्रदेश में इंदौर के महू में कुछ लोग विजय जुलूस निकाल रहे थे, तो एक मस्जिद के पास दो पक्षों में विवाद हो गया। इसके बाद पत्थरबाजी हुई और फिर लोगों ने दुकानों और वाहनों में आग लगा दी। गुजरात के गांधीनगर में भी जीत के जश्न में निकाली गई रैली के दौरान हिंसक घटना हुई। हालांकि पुलिस ने स्थिति संभाल ली, मगर यह सवाल बेहद दुखद है कि खुशी जाहिर करने के मौके पर किसी भी व्यक्ति या समूह को तनाव और हिंसा का माहौल पैदा करने की खुराफात क्यों सूझती है और क्या ऐसे लोग समाज और देश के हित को प्रभावित नहीं करते। दरअसल, जब भी इस तरह की कोई घटना होती है, तब सबसे ज्यादा देश की उस सांस्कृतिक संरचना को नुकसान पहुंचता है, जिसमें आमतौर पर सभी लोग शांति और खुशी से साथ रहने की कोशिश करते हैं। लेकिन अक्सर ऐसी घटनाएं सामने आ जाती हैं, जिनमें देश की किसी उपलब्धि पर खुशी जाहिर करने के क्रम में दो पक्षों के बीच टकराव और हिंसा की स्थिति बन जाती है। यह बेहद तकलीफदेह स्थिति है। इसके बाद भले पुलिस दखल देकर स्थिति पर नियंत्रण कर ले, मगर इस बीच आपसी संदेह का जो माहौल बन जाता है, वह किसी के लिए अच्छा नहीं होता। आमतौर पर लोगों को बेवजह उन्माद से नुकसान समझ में आ जाता है, पर तब तक देर हो चुकी होती है और बहुत कुछ बिगड़ जाता है। जरूरत इस बात की है कि खुशी और जश्न के बीच होने वाली हिंसा की घटनाओं को सबक के तौर पर लिया जाए और सभी समुदाय के लोग इस मसले पर सजग रहें, ताकि वैसी स्थिति दोबारा न पैदा हो।

# सनातन संस्कृति में पर्यावरण समस्या का हल

विदेशों में बसा हिंदू समुदाय भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह कर रहा है। इस बात को अब विदेशों में भी स्वीकार कर इससे प्रेरणा ली जाने लगी है। ब्रिटेन के इंस्टीट्यूट फॉर द इम्पैक्ट ऑफ फेथ इन लाइफ (आईआईएफएल) की ओर से हाल में किए गए एक अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया है। अध्ययन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि पर्यावरण सुरक्षा के मुद्दे पर ब्रिटेन में हिंदू समुदाय बाकी समुदायों की तुलना में सबसे ज्यादा सक्रिय है। अधिकांश हिंदू पर्यावरण के लिए कुछ न कुछ कर रहे हैं। कण-कण में भगवान के होने का विश्वास उनका प्रेरणास्रोत है। प्रकृति की रक्षा करना केवल हमारा धर्म नहीं बल्कि हमारा नैतिक उत्तरदायित्व भी है।

भारतीय सनातन संस्कृति और पर्यावरण के बीच युगों पुराना नाता है। एक सनातन संस्कृति ही है, जिसमें प्रकृति को केवल अस्तित्व का आधार ही नहीं बल्कि पूजनीय माना गया है। आधुनिक विज्ञान में जिस पर्यावरणीय संतुलन की वकालत की जाती है, उस संतुलन को सनातन परंपराओं में सदियों से साधा जा रहा है। सनातन संस्कृति में प्रत्येक प्राकृतिक तत्व को दिव्य माना गया है। हमारे लिए सूर्य, जल, वायु और वनस्पति सब देवतुल्य हैं। जरूरत के समय पेड़ों को काटने से पहले उनसे अनुमति मांगने और तुलसी पत्र तोड़ते समय विनम्र भाव से क्षमा मांगने की विनम्रता केवल हमारी संस्कृति में ही है।

हम सूर्यास्त के बाद फूल-पत्तियां इसलिए नहीं तोड़ते क्योंकि तब वे विश्राम की अवस्था में होते हैं। न केवल भारत में बल्कि विदेशों में बसा हिंदू समुदाय भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह कर रहा है। इस बात को अब विदेशों में भी स्वीकार कर इससे प्रेरणा ली जाने लगी है। ब्रिटेन के इंस्टीट्यूट फॉर द इम्पैक्ट ऑफ फेथ इन लाइफ (आईआईएफएल) की ओर से हाल में किए गए एक अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया है। अध्ययन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि पर्यावरण सुरक्षा के मुद्दे पर ब्रिटेन में हिंदू समुदाय बाकी समुदायों की तुलना में सबसे ज्यादा सक्रिय है। अधिकांश हिंदू पर्यावरण के लिए कुछ न कुछ कर रहे हैं। कण-कण में भगवान के होने का विश्वास उनका प्रेरणास्रोत है। 64 फीसदी हिंदू 'रीवाइल्डिंग' यानी इको सिस्टम को नई जिंदगी देने में शामिल हैं। 78 फीसदी हिंदू अपनी आदतों में इसलिए बदलाव लाते हैं ताकि पर्यावरण को नुकसान कम हो। 44 प्रतिशत हिंदू पर्यावरणीय संगठनों से जुड़े हैं। अध्ययन में हिंदू, मुस्लिम और ईसाई समुदायों के पर्यावरण संबंधी नजरिये और गतिविधियों का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट से पता चलता है कि ब्रिटेन के 82 फीसदी ईसाई धर्म को पर्यावरण सुरक्षा से जोड़ते हैं पर उनके सुरक्षा संबंधी काम सबसे कम हैं। अगर हिंदू पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय हैं तो इसका प्रमुख कारण यह है कि हिंदू धर्म में 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना निहित है जो संपूर्ण सृष्टि को एक परिवार के रूप में देखने की शिक्षा देती है। यही भाव हममें प्रकृति के प्रति एकात्मता का भाव विकसित करता है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन की चुनौती से जूझ रही है, तब सनातन संस्कृति की यह सोच और व्यवहार मानवता के लिए एक प्रेरणा बन सकता है। यह अध्ययन पर्यावरण संकट और जलवायु परिवर्तन के खतरों के दृष्टिगत बहुत महत्वपूर्ण है। इस अध्ययन से न सिर्फ सनातन संस्कृति और पर्यावरण के संबंधों का पता चलता है, वहीं यह बात भी साबित होती है कि दशकों पहले कामकाज के सिलसिले में विदेशों में बस गए हिंदू आज भी अपनी संस्कृति को आत्मसात किए हुए हैं। हिंदू सनातन धर्म में पर्यावरण केवल आध्यात्मिकता या पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है बल्कि यह संपूर्ण सृष्टि के प्रति एक गहरी जागरूकता और सम्मान की भावना से ओत-प्रोत है। हमारी संस्कृति में प्रकृति और जीव-जंतुओं को पूजनीय मानते हुए उनके संरक्षण पर जोर दिया गया है। इससे हिंदू धर्म में पर्यावरण संरक्षण केवल नैतिक दायित्व नहीं है बल्कि धार्मिक आस्था और दैनिक जीवन का अभिन्न अंग भी है। सनातन धर्म में यह मान्यता है कि संपूर्ण सृष्टि पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश पंचतत्वों से बनी है। इन पंचतत्वों को संतुलित रखना जीवन का मूल



उद्देश्य है। इसी कारण पर्यावरण की शुद्धता और संतुलन बनाए रखना हिंदू दर्शन का प्रमुख भाग है। सनातन संस्कृति में पग-पग पर पर्यावरण संरक्षण के उपाय किए गए हैं। नदियों को देवी मानकर पूजने के पीछे गंगा, यमुना, नर्मदा, कृष्णा आदि तमाम नदियों की पवित्रता को बनाए रखने की मंशा ही तो है।

हवन और यज्ञ में प्राकृतिक जड़ी-बूटियों का उपयोग करने के पीछे पर्यावरण को शुद्ध करने की भावना निहित है। हमारे पुरखों ने योग और प्राणायाम के जरिए शुद्ध वायु का महत्व कितने वैज्ञानिक ढंग से समझाया है। पेड़ों और वनस्पतियों को देवतुल्य मानकर उनकी पूजा के पीछे उनके संरक्षण की भावना ही तो है। सदियों पहले जिस तुलसी को मां लक्ष्मी का स्वरूप मानकर हर घर में लगाने की परंपरा शुरू की, उसके औषधीय गुणों को आज वैज्ञानिक भी स्वीकार करते हैं। हमारे यहां प्राचीन काल में ही ऋषि-मुनि आश्रमों में वन लगाने को प्राथमिकता दी गई और आज भी मंदिरों और आश्रमों में पौधरोपण को पवित्र कार्य के रूप में करके उसका अनुसरण किया जा रहा है। हमारे देश में पर्यावरण संरक्षण हमारी शिक्षा पद्धति का प्राचीन काल से ही भाग रहा है। हमारे ऋषि-मुनि पर्यावरण शुद्ध रखने के लिए हवन-यज्ञ करते थे। इससे वातावरण को साफ एवं समय पर वर्षा में मदद मिलती थी। मौजूदा समय में तो प्राचीन परंपराओं का अनुसरण करने की ज्यादा जरूरत है क्योंकि नदियों का जल कम एवं प्रदूषित हो रहा है। ग्लेशियर पिघल रहे हैं। समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है और विश्व के कई तटीय शहरों के डूब जाने का अंदेशा है।

प्राचीन गुरुकुलों में पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया जाता था तो मौजूदा दौर में भी कॉलेजों-विश्वविद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण पर शोध एवं अध्ययन, अधिकाधिक पेड़ लगाने और पर्यावरण अनुकूलता के लिए स्वच्छ वातावरण को प्राथमिकता दी जा रही है। हमारी मान्यता है कि शुद्ध एवं साफ वातावरण में लक्ष्मी का वास होता है और इससे समृद्धि आती है, हमारे इस विचार को विदेशों में अपनाया गया है। विभिन्न देशों में विश्वविद्यालयों के लंबे-चौड़े, खुले परिसर एवं वहां सघन हरियाली इसका प्रमाण है। सनातन संस्कृति में जैव विविधता को बनाए रखने के लिए जहां गाय को माता का दर्जा दिया गया है, वहीं नाग पंचमी पर सांपों की पूजा कर उनके महत्व को भी स्वीकारा गया है। गंगा दशहरा और कार्तिक स्नान जैसे त्योहारों के माध्यम से जल शुद्धता बनाए रखने का संदेश दिया गया है। अद्र्धकुंभ, कुंभ और महाकुंभ में नदियों की सफाई और उनकी महत्ता पर बल दिया गया है। आज समूची दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और पारिस्थितिक असंतुलन की समस्याओं से जूझ रही है। इन समस्याओं का समाधान भारतीय सनातन संस्कृति में खोजा जा सकता है। हमारी महान परंपराएं समूची दुनिया में पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शक बन सकती हैं। हिंदू धर्म में पुराने कपड़ों और सामान का पुनः उपयोग करने की परंपरा रीसाइक्लिंग और अपशिष्ट प्रबंधन का प्राचीन रूप नहीं तो क्या है। हमारे यहां शाकाहार को बढ़ावा इसलिए दिया गया क्योंकि हमारे पूर्वज जानते थे कि शाकाहार को बढ़ावा देने से कार्बन उत्सर्जन कम होता है और पर्यावरणीय संतुलन बना रहता है। हिंदू सनातन धर्म और पर्यावरण संरक्षण की भावना परस्पर गहराई से जुड़े हुए हैं। यह जुड़ाव केवल धार्मिक नियमों का पालन करने तक सीमित नहीं है बल्कि एक संपूर्ण जीवन शैली है जो प्रकृति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन, सम्मान और संरक्षण को प्राथमिकता देती है। अगर आज पूरी दुनिया इन सिद्धांतों को अपना ले तो न सिर्फ पर्यावरण संकट को कम किया जा सकता है बल्कि जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से भी निपटा जा सकता है। प्रकृति की रक्षा करना केवल हमारा धर्म नहीं बल्कि हमारा नैतिक उत्तरदायित्व भी है।

# धूम्रपान मुक्त जीवन ही है स्वस्थ भविष्य की गारंटी

प्रतिवर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को 'धूम्रपान निषेध दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 12 मार्च को मनाया जा रहा है। इस दिन का उद्देश्य निकोटीन के आदी लोगों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करना है। यह समाज पर धूम्रपान के दुष्परिणामों को उजागर करने और जीवन के स्वस्थ तरीकों तथा धूम्रपान मुक्त वातावरण को बढ़ावा देने का दिन है। पहली बार धूम्रपान निषेध दिवस 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था। तब यह मार्च महीने के पहले बुधवार को मनाया जाता था लेकिन समय के साथ यह मार्च के दूसरे बुधवार को मनाया जाने लगा। उसके बाद से यूके सहित कई देशों में यह एक वार्षिक कार्यक्रम की भांति मनाया जाता है। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 'इस नो स्मोकिंग डे पर अपनी जिंदगी वापस लें' विषय के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय हमें यह याद दिलाता है कि धूम्रपान छोड़कर हम न केवल अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं बल्कि अपने परिवार और प्रियजनों के साथ अधिक गुणवत्तापूर्ण समय भी बिता सकते हैं। धूम्रपान छोड़ने से हृदय रोग, कैंसर और सांस की बीमारियों का खतरा कम होता है। यह आर्थिक दृष्टिकोण से भी फायदेमंद है क्योंकि धूम्रपान पर खर्च होने वाले पैसे की बचत की जा सकती है। कई अध्ययनों में यह तथ्य सामने आ चुका है कि सिगरेट तथा अन्य धूम्रपान उत्पादों में मौजूद रसायन प्रतिवर्ष लाखों लोगों की जान ले लेते हैं। दरअसल सिगरेट के धुएं में ऐसे रसायन होते हैं, जो धूम्रपान के दौरान और बाद में शरीर पर घातक प्रभाव डालते हैं। तंबाकू के सेवन से दुनियाभर में हर साल 80 लाख से ज्यादा मौतें होती हैं। निकोटीन विकासशील मस्तिष्क को नुकसान पहुंचा सकता है। व्यस्कों के मुकाबले बच्चों के बहुत जल्दी आदी हो जाने की भी संभावना है। धूम्रपान करने वाले बच्चों में निकोटीन अवसाद और चिंता से भी जुड़ा है। सार्वजनिक स्थलों के अलावा बंद कमरे में धूम्रपान करना तो धूम्रपान न करने वालों के लिए भी बेहद खतरनाक सिद्ध होता है, जिसके सबसे बड़े शिकार प्रायः घरों में बच्चे ही होते हैं।

चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि जिन बच्चों के माता-पिता बीड़ी-सिगरेट के आदी होते हैं, उन बच्चों में निमोनिया, ब्रोंकाइटिस जैसी सांस, गले और छाती की बीमारियां होना एक आम बात है। बच्चों में धूम्रपान के संपर्क में आने से श्वसन संक्रमण, कान में संक्रमण और अस्थमा का दौरा पड़ सकता है। जहां तक तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षा की बात है तो यह इसलिए बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि बच्चों का मन-मस्तिष्क बहुत कोमल होता है और तंबाकू उद्योग बच्चों को लक्षित करने के लिए विभिन्न तरीकों का उपयोग करता है। ऐसे ही तरीकों में तंबाकू उद्योग आकर्षक विज्ञापनों और मार्केटिंग अभियानों का सहारा लेता है, जिनके जरिये बच्चों को तंबाकू उत्पादों को आकर्षक और वांछनीय लगने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जाता है। सोशल मीडिया के जरिये भी तंबाकू कंपनियां बच्चों के साथ जुड़ने और उन्हें तंबाकू उत्पादों के बारे में जानकारी देने का प्रयास करती हैं। धूम्रपान करने से बच्चों को अनेक प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। डब्ल्यूएचओ के स्वास्थ्य संवर्धन विभाग के निदेशक डा. रूडिगर क्रेच कहते हैं कि वे इस बात से आश्चर्यचकित हैं कि तंबाकू उद्योग अनगिनत जिंदगियों की क़ीमत पर मुनाफ़ा कमाने के लिए इस हद तक जाएगा। उनके मुताबिक जैसे ही किसी देश की सरकार को लगता है कि उसने तंबाकू के खिलाफ लड़ाई जीत ली है, तंबाकू उद्योग स्वास्थ्य नीतियों में हेरफेर करने और अपने घातक उत्पादों को बेचने के अवसर को अपनी पकड़ में ले लेता है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि दुनियाभर में तंबाकू उद्योग के बढ़ते हस्तक्षेप से स्वास्थ्य नीति को बचाने के प्रयास लड़खड़ा गए हैं, इसीलिए उसने ऐसे में विभिन्न देशों से कार्रवाई तेज करने का आह्वान किया है। चूंकि धूम्रपान करने से बच्चों में इसकी लत लगने की संभावना बहुत ज्यादा बढ़ जाती है, जो उनके जीवन को कई प्रकार से नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है, इसीलिए तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किया जाना समय की बहुत बड़ी मांग है। इसके लिए जरूरी यह भी है कि बच्चों तथा उनके माता-पिता को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप और तंबाकू उत्पादों के खतरों के बारे में जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं और तंबाकू उत्पादों के उपयोग से संबंधित कानूनों का सख्ती से पालन किया जाए

## जीवन का मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है। जब हम अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करते हैं तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर हो जाता है।

## अपने बल पर न करे घमंड न दूसरों को कमजोर समझे

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

# गॉल ब्लैडर सर्जरी के बाद कैसी हो डाइट

**खराब** लाइफस्टाइल और खराब खानपान का सीधा असर हमारी सेहत पर पड़ता है। खासतौर पर गॉल ब्लैडर पर, जिसे हिंदी में पित्ताशय भी कहते हैं। गॉल ब्लैडर हमारे सबसे कीमती ऑर्गन लिवर के नीचे बैठा हुआ एक छोटा सा हिस्सा है, जो बाइल यानी पित्त बनाता है। यह फैट को पचाने में मदद करता है। यह आकार में छोटा है, लेकिन शरीर में बड़े-बड़े काम करता है। अगर यह गॉल ब्लैडर ठीक से काम न करे, इसमें स्टोन यानी पथरी हो जाए तो इसका पूरा फंक्शन बिगड़ जाता है। पथरी होने पर जब पेट के दाहिनी तरफ असहनीय दर्द उठता है, तब डॉक्टर इसे सर्जरी करके शरीर से बाहर निकालने की सलाह देते हैं। मेडिसिन की भाषा में गॉल ब्लैडर रिमूवल सर्जरी को कोलीसिस्टेकटॉमी कहते हैं। ग्लोबल डेटा डॉट कॉम के अनुसार, वर्ष 2022 में भारत में कुल 32,90,339 गॉल ब्लैडर सर्जरी की गईं। गॉल ब्लैडर जिसे पित्ताशय की थैली भी कहते हैं, यह हमारे पेट के दाहिनी तरफ होता है। इसका काम पित्त (बाइल जूस) बनाना है। यह बॉडी के फैट को पचाने में मदद करता है। बाइल जूस हमारे खाने में मौजूद फैट को फैटी एसिड में बदलता है, और विषाक्त (टॉक्सिक) पदार्थों को बाहर निकालता है।



अगर गॉल ब्लैडर में स्टोन हो जाए तो इससे हमारे पाचन पर असर पड़ता है। खाना पचने में मुश्किल पैदा होती है। जब भी कोई सर्जरी होती है, उसके बाद शरीर में कुछ कॉम्पलिकेशन होने की आशंका बनी रहती है, जैसे कि ब्लीडिंग, दर्द, इन्फेक्शन, सूजन, वगैरह। वहीं अगर बात की जाए गॉल ब्लैडर सर्जरी की, तो इसमें वैसे तो कोई मेजर कॉम्पलिकेशन नहीं होता है पर कुछ डाइजेस्टिव साइड इफेक्ट्स जरूर देखने को मिल सकते हैं। गॉल ब्लैडर सर्जरी के बाद डायरिया या पेट फूलने की समस्या हो सकती है। क्योंकि जब हमारे शरीर से गॉल ब्लैडर हटा दिया जाता है तो यह बाइल नहीं स्टोर कर पाता है, तब यह छोटी आंतों में धीरे धीरे पहुंचता है और वहां जाकर भारी मात्रा में इकट्ठा हो जाता है। ओवरलोड हो जाने के कारण छोटी आंत जरूरत से ज्यादा पानी और नमक हमारी बॉडी से खींचता है, जिसके कारण डायरिया जैसी समस्या हो सकती है। गॉल ब्लैडर सर्जरी के बाद आमतौर पर कब्ज की समस्या हो सकती है। सर्जरी से पहले मरीज को एनेस्थीसिया दिया जाता है, जिसके बाद कुछ मरीजों में कब्ज की शिकायत हो सकती है। लेकिन जरूरी नहीं कि यह सभी को हो। गॉल ब्लैडर के ऑपरेशन के बाद हमारा शरीर फैट को नहीं पचा पाता है। इसे पचाने के लिए उसे कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जब गॉल ब्लैडर सर्जरी की जाती है तो मरीज को बाहरी या अंदरूनी इन्फेक्शन से बचने के लिए कई मेडिसिन दी जाती हैं जैसे एंटासिड, एंटी इन्फ्लेमेशन, पेनकिलर वगैरह। इन दवाइयों से कुछ मरीजों को अपच की समस्या हो सकती है। यह आमतौर पर लंबे समय तक नहीं रहती। गॉल ब्लैडर ऑपरेशन के दौरान अगर गलती से पथरी के कुछ टुकड़े बाइल डक्ट (पित्त नली) में रह जाते हैं, तो शरीर के लिए समस्या खड़ी कर सकते हैं। इसका नतीजा होता है बुखार और पीलिया होना। हालांकि ये 10 में से 1-2 मामलों में ही देखने को मिलता है। पित्ताशय की सर्जरी के बाद कुछ मरीजों को ब्लड क्लॉट की समस्या हो जाती है। जब रक्त गाढ़ा हो जाता है तो रक्त के थक्के बनने लगते हैं । यह हमारे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को प्रभावित करता है, जिसकी वजह से खून हमारे शरीर के मुख्य अंगों तक नहीं पहुंच पाता। पोस्ट कोलेसिस्टेक्टोमी सिंड्रोम पेट के लक्षणों में से एक है जो कोलीसिस्टेकटॉमी के बाद होता है। पीसीएस पेट में पित्त के रिसने या पथरी के कारण हो सकता है। जिसकी वजह से आपको पेट में दर्द, कब्ज या फिर डायरिया हो सकता है। पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में यह साइड इफेक्ट ज्यादा देखा जाता है। सर्जरी के बाद खाने में मौजूद फैट को पचाना कठिन होता है इसलिए तले हुए खाद्य पदार्थों के बजाय उबला हुआ, बेक्ड या लाइट फूड, भाप में पकाया हुआ या ग्रिल किया हुआ भोजन को ही अपनी डाइट में शामिल करें। अपनी दिनचर्या में रेगुलर एक्सरसाइज शामिल करना बेहद जरूरी होता है। सर्जरी के बाद डॉक्टर की सलाह से धीरे-धीरे एक्सरसाइज, योग या प्राणायाम करना शुरू करें। गॉल ब्लैडर की सर्जरी के बाद एक्यूपंचर करने से ऐंठन और दर्द कम हो सकता है। यह ध्यान रखना बेहद जरूरी है कि अच्छी डाइट और व्यायाम पित्ताशय से जुड़ी समस्याओं को कम करने के आसान तरीके हैं। सॉल्युबल फाइबर फूड यानी जो पानी में आसानी से घुल जाएं और पचने में आसान रहें जैसे कि ओट्स, सेब, अलसी के बीज, दलिया ही खाएं। सर्जरी के बाद मिर्च मसाला और तला हुआ खाना बिल्कुल नहीं खाएं क्योंकि गॉल ब्लैडर निकलने के बाद इन्हें पचाना मुश्किल होता है। तला हुआ खाना आपकी सेहत के लिए भी नुकसानदायक हो सकता है। कैफीन जैसे चाय या कॉफी पीना भी सेहत को नुकसान दे सकता है। साथ ही दूध या अन्य कोई डेयरी प्रोडक्ट्स भी एसिडिटी और खराब पाचन का कारण बन सकते हैं। इसलिए इनसे परहेज करें।

जनमार्ग
सिटी न्यूज
श्रीगंगानगर, बुधवार, 12 मार्च 2025
3
JANMARG news
जनमार्ग
» रायसिंहनगर » गजसिंहपुर » सादुलशहर » अनूपगढ़ » रामसिंहपुर » जैतसर » पक्कासहारणा » केसरीसिंहपुर » पदमपुर » लालगढ़ » मांझूवास » फकीरवाली » श्रीबिजयनगर

# अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का समापन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** नेहरू युवा केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा युवा दिवस के अवसर पर आयोजित अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का भव्य और समारोहपूर्वक समापन हुआ। इस कार्यक्रम ने युवाओं के व्यक्तित्व विकास, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य को साकार किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सेवानिवृत्त आईजी गिरीश चावला, कार्यक्रम अध्यक्ष टिब्बी उपखंड अधिकारी सत्यनारायण सुथार, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद डॉ. सुमन चावला और सीक्रेट हार्ट स्कूल की प्रधानाचार्य नीना वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिले के 28 युवाओं ने भाग लिया, जिन्हें जिले के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहरों का अवलोकन कराने के साथ-साथ विभिन्न विषयों पर व्याख्यान और परिचर्चाओं के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। मुख्य अतिथि गिरीश चावला ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, युवा देश का भविष्य हैं, और देश का विकास



उनकी सोच और कर्मठता पर निर्भर करता है। अगर युवा सशक्त और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करेंगे, तो देश किसी भी चुनौती का सामना कर सकता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी ऊर्जा और क्षमताओं का उपयोग समाज को सशक्त बनाने में करें।

कार्यक्रम अध्यक्ष सत्यनारायण सुथार ने राजस्थान की विविध संस्कृति और वेशभूषा पर चर्चा करते हुए कहा, राजस्थान अपनी सांस्कृतिक धरोहर और विविध परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है। हर 50 किलोमीटर पर यहां की बोली, पहनावा और रहन-सहन बदलता है। ऐसे कार्यक्रम युवाओं को इन विविधताओं को समझने और आपसी सौहार्द को बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं।

शिक्षाविद डॉ. सुमन चावला ने महिलाओं की आत्मनिर्भरता पर बल देते हुए कहा, आज के समय में महिलाओं का सशक्त और आत्मनिर्भर होना अत्यंत आवश्यक है। उन्हें अपनी भावनाओं और क्षमताओं पर नियंत्रण रखते हुए समाज में अपनी भूमिका को प्रभावी ढंग से निभाना चाहिए।

सीक्रेट हार्ट स्कूल की प्रधानाचार्य नीना वर्मा ने युवाओं को भारतीय संस्कृति के संरक्षण की प्रेरणा देते हुए कहा, आधुनिकता की दौड़ में हम अपनी परंपराओं और मूल्यों को भूलते जा रहे हैं। ऐसे कार्यक्रम हमें हमारी सांस्कृतिक धरोहर की महत्ता का बोध कराते हैं।

जिला युवा अधिकारी रीना केसरिया ने पांच दिवसीय कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें भाग लेने वाले युवाओं को हनुमानगढ़ के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। इनमें इंदिरा गांधी नहर परियोजना, भटनेर दुर्ग, सुखा सिंह-मेहताब सिंह गुरुद्वारा, भद्रकाली मंदिर और 5000 साल पुरानी सभ्यता कालीबंगा के अवशेष शामिल थे। साथ ही, युवाओं को विभिन्न समसामयिक विषयों पर व्याख्यान और परिचर्चाओं के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान लोहड़ी पर्व का भी उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर आदिवासी नृत्य, गरासिया नृत्य, घूमर और टीमली जैसे पारंपरिक नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। इन सांस्कृतिक गतिविधियों ने युवाओं को भारतीय परंपराओं से जोड़ने का कार्य किया।

जिला युवा कार्यक्रम सलाहकार समिति के सदस्य और सामाजिक कार्यकर्ता दलीप वर्मा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में आत्मविश्वास और व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ उन्हें सांस्कृतिक विविधताओं को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। युवाओं को एक-दूसरे की वेशभूषा, भाषा और रीति-रिवाजों से परिचित कराना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था।

# रिटायर्ड इंस्पेक्टर कांतासिंह ढिल्लों राजस्थान पेंशनर्स मंच के कार्यकारी जिलाध्यक्ष बने

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान पेंशनर्स मंच की श्रीगंगानगर जिला इकाई का गठन गत दिवस अनूपगढ़ में हुई एक बैठक में किया गया जिसमें सर्वसम्मति से कार्यकारी जिलाध्यक्ष रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर कांतासिंह ढिल्लों चुना गया। कांतासिंह ढिल्लों सेवानिवृत पुलिस कर्मचारी कल्याण संघ के भी जिलाध्यक्ष हैं। उन्होंने पेंशनर्स मंच का कार्यकारी जिलाध्यक्ष चुने जाने पर कहा कि जिले में सभी सेवानिवृत्ति और पेंशन भोगी कर्मचारियों की हर समस्या का समाधान उचित स्तर पर करवाया जाएगा। उनको सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं और सेवाओं से भी लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति पेंशन भोगी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए भटकना पड़ता हैं। सरकारी दफ्तर में चक्कर काटने पड़ते हैं।



कोई अधिकारी उनकी तकलीफ को नहीं समझता लेकिन अब ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। जल्दी ही रिटायर्ड कर्मचारियों का जिला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

पेंशनर मंच के जिलाध्यक्ष मलकीतसिंह गिल, दो और कार्यकारी जिला अध्यक्ष भगतसिंह (अनूपगढ़)और घनश्याम शर्मा (श्रीगंगानगर) चुने गए। जगीरसिंह (अनूपगढ़) महामंत्री होंगे। सदस्य मंडल में किशनसिंह राजपुरोहित,मलकीतसिंह ढिल्लों व जगदेवसिंह संधू, सलाहकार समिति में कुलदीप सिंह दयोल, सरदूलसिंह व देवीलाल, उपसभाध्यक्ष ताराचंद सोनी व जगतारसिंह, मंत्री पृथ्वीराज व जालमसिंह, उपाध्यक्ष सतपाल डेलू व श्योकरण, संगठन मंत्री बलराम जाखड़ व गुरदेवसिंह, प्रचार मंत्री सुभाष गिला और विधि सलाहकार तिलकराज चुघ एडवोकेट बनाए गए हैं। सभाध्यक्ष किशनाराम,कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिडाना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भागीरथ व सुभाषचंद्र अरोड़ा,महामंत्री कालूराम और संयोजक बलवंतसिंह बेनीवाल होंगे। रिटायर्ड थानेदार कांतासिंह ढिल्लों ने कार्यकारी जिलाध्यक्ष बनने पर प्रदेशाध्यक्ष कैलाश क्रांतिकारी,प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सूरजप्रकाश टाक, प्रदेश महामंत्री आशा कालड़ा, संभागीय अध्यक्ष मनोहर शर्मा और संभागीय महामंत्री सुभाष आचार्य का आभार व्यक्त किया है।

# 21 दिवसीय श्री श्याम सतरंगी फाग महोत्सव आयोजित

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** श्री श्याम सखा मंडल व महिला मंडल द्वारा आयोजित 21 दिवसीय श्री श्याम सतरंगी फाग महोत्सव का 19 वां श्री श्याम संध्या कीर्तन बजाज परिवार द्वारा आयोजित किया गया। मुख्य यजमान गोवर्धन बजाज ने सपत्नीक पूजन करके श्री श्याम बाबा के दरबार में विधिवत में जोत प्रज्वलित कर कड़ी खिचड़ा, कढ़ी कचोरी, ड्राई फ्रूट, फलों व 56 भोग का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया। श्री श्याम सखा मंडल के पुजारी शास्त्री पवन कुमार ओझा ने मंत्र उच्चारण के साथ पूजन करवाया। श्री श्याम सखा मंडल के प्रसिद्ध भजन गायक दिनेश सागर, हर्ष कुमार,पायल सेठिया, करण सोनी, मनीषा स्वामी सहित कलाकारों ने श्री



श्याम बाबा के भजनों का गुणगान किया,भव्य श्री श्याम संध्या में पुष्प वर्षा इत्र वर्षा करके श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नागपाल, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, व्यापार मंडल पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र छाबड़ा, ललित सिडाना, दर्शन चुघ, खुदरा किराना विक्रेता संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार गाबा, दर्शन भगत परनामी, नरेंद्र उर्फ मोनू कालड़ा, योगेश स्वामी सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे। श्री श्याम सखा मंडल के संरक्षक अशोक नागपाल, संरक्षक विजय मुदगल उर्फ लड्डू , अध्यक्ष सोनू बवेजा, सचिव अंकुर लड़ोइया, सह सचिव अजय कालड़ा, सत्यनारायण तावणिया, नरेश नागपाल, जॉनी नागपाल ने गोवर्धन बजाज परिवार को श्री श्याम नाम का दुपट्टा पहनाकर सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित कर आभार प्रकट किया।

# शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान करवाने की मांग

## प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने भेजा मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व मंत्रीयों को ज्ञापन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** शिक्षक संघ एलिमेंट्री सैकेंडरी टीचर एसोसिएशन रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा,उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी,शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा को ज्ञापन भेजकर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की है। ज्ञापन में रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष सलावद ने बताया कि मांगो में, पदोन्नत हुए व्याख्याता, प्राचार्य, जिला शिक्षा अधिकारियों का जल्द



पदस्थापन करवाने, महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में जल्द पदस्थापन करवाने, 2 दिवसीय जिला व 2 दिवसीय राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलनों में शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य करने, तबादलों हेतु स्थाई तबादला नीति बनाकर सार्वजनिक तौर पर घोषित की जाएं, जिससे विधायकों, जन प्रतिनिधियों की डिजायर प्रथा का चलन समाप्त हो , महंगाई भत्ता बढ़ाने की घोषणा, तृतीय श्रेणी शिक्षकों की 4 सत्रों व वरिष्ट अध्यापकों की 2 सत्रों की बकाया पदोन्नति जल्द करवाने, 5 सितंबर को ब्लॉक, जिला व राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान हेतु आवेदन करने व पुरुस्कृत होने वाले सभी शिक्षकों के समस्त दस्तावेजों को ऑनलाइन जारी करवाया जाएं, जिससे सम्मान समारोह की पारदर्शिता बनी रहे, साथ ही राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षकों को उन स्कूलों में लगाया जाएं जिन स्कूलों में ड्रॉप आउट विद्यार्थियों की संख्या अधिक हो, साथ ही बालिकाओं की शिक्षा से दूरी बनी हुई हो ओर नामांकन की संख्या कम हो। राज्य के समग्र शिक्षा के कार्यालय में 1382 पदों के लिए हुए इंटरव्यू का जल्द परिणाम जारी करवाने, उप प्राचार्य के 50 प्रतिशत पदों पर सीधी भर्ती करवाने,शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में नहीं लगाने, कम्प्यूटर अनुदेशकों का पदनाम कम्प्यूटर शिक्षक करने व केडर की पुनः समीक्षा करवाकर केडर संशोधन व विस्तार करवाने, शिक्षकों की सुरक्षा के लिए शिक्षक गरिमा अधिनियम बनाने, सभी उच्च माध्यमिक स्कूलों में अनिवार्य विषयों के पद स्वकृत करवाने, दो सरकारी बीएड कॉलेज (राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान के नाम से बीकानेर व अजमेर) में संचालित है। इनमें स्कूल शिक्षा के कार्मिक लगे हुए है, जबकि बी.एड. व एम.एड. उच्च शिक्षा में आते है, इसलिए इन संस्थानों में उच्च शिक्षा के समकक्ष योग्यता वाले कार्मिक नेट, जे.आर.एफ.,पी.एच.डी. को लगाएं जाएं। शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष सलावद ने सरकारी स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने, सभी संवर्गो की वेतन विसंगतियों को दूर करवाने, लेवल टू के संशोधित परिणाम में चयनित शिक्षकों को यथावत रखते हुए छाया पद स्वीकृत करके नव चयनितों को नियुक्ति देने की मांगों के जल्द निस्तारण करवाने की मांग की है।

# किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर नायब तहसीलदार को दिया ज्ञापन



जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ।** स्थानीय हॉस्पिटल के पास सहारन प्लाजा पर मंगलवार सुबह 11 बजे क्षेत्र के किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर मीटिंग जीके एस प्रधान रणजीत सिंह राजू, जीकेएस जिला अध्यक्ष रामकुमार सहारन ,जी के एस ब्लॉक अध्यक्ष चूनावढ राजकरण सिंह के नेतृत्व में अन्य सरसों ,चना की एमएसपी पर खरीद शुरू करने और खरीद में जन आधार कार्ड की अनिवार्यता समाप्त करने व गंग नहर में पर्याप्त पानी की मांग को लेकर चूनावढ उप तहसील कार्यालय में ज्ञापन दिया गया प्रधान राजू ने बताया कि मीटिंग में जीकेएस मबरशिप दी गई और मेंबरशिप कार्ड बनाकर कईयो को कार्ड दिए गए अन्य शेष किसानों को बना कर वितरण किए जाएंगे ज्ञापन देने में शामिल जीकेएस प्रधान रणजीत सिंह राजू ,जी के एस जिला अध्यक्ष रामकुमार सहारन जीकेस ब्लाक अध्यक्ष राजकरण सिंह, सुरेंद्र सिंह साहब राम सियाग, जगतार सिंह, जगदीश सियाग, कृष्णा सहारन, प्रमोद साहू, टहल सिंह जसवंत चाहर, जसवंत घणघस, संदीप चाहर, शीशपाल सियाग, कृष्ण झाझरिया अमरजीत सिंह जोधे वाला सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

# भाविप मुख्य शाखा के चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न

## रघुवीर शर्मा पुन: अध्यक्ष तथा सुभाष भाटिया सचिव व विनोद गर्ग कोषाध्यक्ष चुने गए

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भारत विकास परिषद, मुख्य शाखा, श्रीगंगानगर के सत्र 2025-26 के लिए चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए हैं। अग्रसेन नगर स्थित रिटायर्ड बैंक प्रबंध विजय गर्ग के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रान्त के चुनाव प्रभारी श्यामसुन्दर चांडक की देखरेख में विधिवत चुनाव प्रक्रिया प्रारम्भ की गई। इस मौके पर उत्तर प्रान्त के 'अंगदान देहदान' प्रभारी राजेश कामरा तथा मुख्य शाखा विकास मित्र राजेन्द्र चावला विशेष रूप से मौजूद रहे। भारत विकास परिषद मुख्य शाखा श्रीगंगानगर सदस्यों ने अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सर्वसम्मति से समस्त पदाधिकारियों का चयन किया। सत्र 2025-26 के लिए रघुवीर शर्मा को पुन: अध्यक्ष, सुभाष भाटिया को सचिव तथा विनोद गर्ग को निर्विरोध कोषाध्यक्ष चुना गया है।

सचिव नरेश अरोड़ा ने बताया



कि उक्त तीनों पदों के लिए चुनाव अधिकारी श्यामसुंदर चांडक ने नियमानुसार एक-एक प्रस्तावक के साथ दो-दो समर्थक भी रखे। तत्पश्चात् समस्त पदों के लिए एक-एक आवेदन आने पर उनके द्वारा अध्यक्ष पद पर रघुवीर शर्मा, सचिव पद पर सुभाष भाटिया तथा कोषाध्यक्ष पद पर विनोद गर्ग के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की गई। अध्यक्ष रघुवीर शर्मा ने पुन: महत्वपूर्ण दायित्व सौंपने पर समस्त सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा वर्तमान सत्र में किए गए सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी एवं आगामी सत्र में भी सबके सहयोग से सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभाने का विश्वास दिलाया। उत्तर प्रान्त के 'अंगदान देहदान' प्रभारी राजेश कामरा ने परिषद को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विकास मित्र राजेन्द्र चावला, अंगदान देहदान प्रभारी राजेश कामरा, चुनाव प्रभारी श्यामसुन्दर चांडक, शाखा अध्यक्ष रघुवीर शर्मा, सचिव नरेश अरोड़ा, कोषाध्यक्ष रामनिवास हिन्दू, परमजीत दावड़ा 'पम्मी', राजेन्द्र शर्मा, विजय गर्ग, महावीर सांघी, रवि साहूवाला, दर्शन मोंगा, आलोक शर्मा, सुभाष भाटिया, महेन्द्र सिडाना, विनोद अग्रवाल, विनोद गर्ग, बाबूलाल सैनी, सतीश शर्मा, राजकुमार चुघ आदि भारत विकास परिषद मुख्य शाखा श्रीगंगानगर पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में समस्त सदस्यों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी तथा अध्यक्ष रघुवीर शर्मा ने कार्यक्रम की सफलतापूर्वक सम्पन्नता पर गर्ग परिवार व पधारे हुए परिषद सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# श्री मद्भागवत कथा में मनाया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

## पावन धाम मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में लगाया नि:शुल्क डेंटल चेकअप कैंप, आज लगाया जाएगा रक्तदान शिविर

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** महावीर कालोनी स्थित श्री रामदूत हनुमान सेवा संस्थान (ट्रस्ट) द्वारा संचालित पावन धाम मन्दिर में चल रही श्री मद्भागवत कथा में सोमवार को श्रृद्धालुओं ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। कृष्ण जन्म के मौके पर मन्दिर में विशेष रूप से रंग बिरंगे गुब्बारों व लड़ियों से भव्य सजावट की गई। कथा व्यास पं. विनोद शास्त्री ने श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्म की लीलाओं का वर्णन करते हुए धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान अवतरित होते हैं। इसी प्रकार जब धरा पर अत्याचारी कंस के पापों का बोझ बढ़ गया, तब भगवान श्रीकृष्ण को अवतरित होना पड़ा। इसी तरह रावण के पापों का नाश करने और अहिल्या व शबरी



का उद्धार करने के लिए भगवान श्रीराम ने राजा दशरथ-मां कौशल्या के घर जन्म लिया था। कथा प्रसंग में जैसे ही श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, श्रृद्धालुओं ने थाली बजाते हुए खुशी का इजहार किया तथा नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, हाथी-घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की...जैसे कृष्ण भजनों पर झूमते हुए एक दूसरे को बधाई दी। कृष्ण जन्म पर बच्चों को खिलौना, टॉफी व चाकलेट बांटे गए। इससे पहले रविवार को कथा व्यास ने श्रृद्धालुओं को राम जन्म प्रसंग श्रवण करवाया, इस अवसर पर पूरा मन्दिर प्रांगण श्रृद्धालुओं से खचाखच भरा था। मन्दिर प्रधान अशोक परूथी ने बताया कि श्रीमद्भागवत के चलते रोजाना श्रृद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। रोजाना मन्दिर से जुड़े सेवादारों की ओर से प्रभु श्री राम को सवामणियों का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया जा रहा है। ट्रस्ट सचिव टीकम चंद गर्ग ने बताया कि वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में मन्दिर में आज सुबह 10 बजे से प्रभु इच्छा तक निःशुल्क डेंटल चेकअप कैंप लगाया गया, जिसमें कान्हा डेंटल केयर्स की संचालिका डॉ. दामिनी सिंह की टीम अपनी सेवाएं दीं। इसी क्रम में कल बुधवार सुबह 9 बजे से प्रभु इच्छा तक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा, जिसमें रूधिरा चैरिटेबल ब्लड सैंटर की टीम द्वारा रक्त संग्रह करेगी। उन्होंने बताया कि मन्दिर ट्रस्ट की ओर से श्रृद्धालुओं की सुविधा के लिए शहर के अग्रसेन चौक शिव मन्दिर, सुखाडिया सर्किल के नजदीक विश्वकर्मा मन्दिर, सूरतगढ़ रोड हनुमान जी की मूर्ति से कथास्थल तक लाने व वापिस छोड़ने के लिए निःशुल्क ऑटो रिक्शा की व्यवस्था की गई है। कथा की पूर्णाहुति 13 मार्च को होगी। 14 मार्च, शुक्रवार प्रातः 8 बजे हवन यज्ञ के उपरांत सुबह 10 बजे मन्दिर में श्री श्याम प्रेम संकीर्तन मण्डल के सानिध्य में फाग उत्सव (फूलों की होली) मनाया जाएगा। इस दिन कार्यक्रम सम्पन्न होने पर दोपहर एक बजे विशाल भण्डारा लगाया जाएगा।

# प्रतिभा सम्मान समारोह और रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा विप्र फाउंडेशन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** विप्र फाउंडेशन की राजस्थान जोनल-1 बी जोनल कार्यसमिति की बैठक आदर्श विद्या मंदिर सभागार चूरू में गत दिवस हुई। बैठक में फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव मुकेश रामपुरा, प्रदेशाध्यक्ष धनसुख तावनिया, प्रभारी भंवर पुरोहित, विप्र युवा प्रकोष्ठ के सुनील मिश्रा, सीमा मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वनाथ शर्मा, चूरू जिलाध्यक्ष शंभूदयाल शर्मा आदि ने विप्र फाउंडेशन के आगामी कार्यक्रमों के बारे में बताया। जिलाध्यक्ष मदन जोशी ने कार्यसमिति के दूसरे सेशन में जिलेवार प्रगति प्रजेंटेशन में शहर में विप्र फाउंडेशन की आरे से किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। वहीं आगामी कार्यक्रमों में विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह,



रक्तदान शिविर एवं कॅरियर काउंसिलिंग आदि के बारे में बताया गया। मीडिया प्रभारी रविकांत शर्मा ने बताया कि कार्यसमिति की बैठक में कई प्रस्ताव पारित किए गए। प्रस्तावों में जरूरतमंद एवं अंतिम छोर के लोगों तक केंद्र, राज्य सरकार एवं विप्र फाउंडेशन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्ययोजना बनाने एवं फाउंडेशन की ओर से हर साल जिले में विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यसमिति में विप्र फाउंडेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश गौड़, उपाध्यक्ष मनोज कपिल, महामंत्री पवन गौतम, संगठन मन्त्री विनोद कौशिक, तहसील कोषाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा व सूरतगढ़ सदस्यों के साथ भाग लिया। कार्यसमिति में चूरू, बीकानेर, नागौर, हनुमानगढ़ के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

# सीएचसी केंद्र में सीबीसी खतरा मशीन राम भरोसे




जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तीन दिन पूर्व ही सीबीसी पुरानी खटारा मशीन ठीक करवाई गई है जिसका कोई पता नहीं कब खराब होकर धोखा दे जाएगी क्योंकि यह 20 वर्ष पुरानी मशीन है जो 5-6 बार ठीक करवाई जा चुकी है इसे दो-तीन दिन पूर्व भी इस मशीन को ठीक करवाया गया है इससे पूर्व बीच-बीच में दो-तीन माह के अंदर मशीन खराब होने से रोगियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी यह खराब मशीन राम भरोसे चल रही है इसका पता नहीं की चलती चलती कब खराब हो जानी है सीएससी केंद्र प्रबंधन ने नई मशीन की मांग संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से डेढ दो माह पूर्व मांग पत्र प्रेषित कर मांग की गई है।

# युवा दिवस पर नवनियुक्त अपर लोक अभियोजक प्रताप सिंह शेखावत का सम्मान

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** युवा दिवस के अवसर पर युवाओं ने नवनियुक्त अपर लोक अभियोजक प्रताप सिंह शेखावत का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उपस्थित युवा समुदाय ने उत्साहपूर्वक उनकी उपलब्धियों की सराहना की और उन्हें प्रेरणा का स्रोत बताया।

इस अवसर पर युवा अनिल सिंह राठौड़ ने कहा, प्रताप सिंह शेखावत युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और हिंदूवादी विचारधारा के प्रखर वक्ता हैं। उनके अपर लोक अभियोजक बनने से समाज के प्रत्येक व्यक्ति में खुशी की लहर दौड़ गई है। उनकी सफलता युवाओं के लिए यह संदेश है कि मेहनत और सच्चाई के रास्ते पर चलने से बड़े मुकाम हासिल किए जा सकते हैं।

कार्यक्रम में प्रिंस सिंगला ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, ÷प्रताप सिंह शेखावत के विचार युवाओं में जोश और आत्मविश्वास का संचार करते हैं। उनकी ऊर्जा और साहस से सभी प्रभावित हैं। उनके हौसले और मेहनत ने यह साबित कर दिया है कि सही नेतृत्व और दृष्टिकोण से समाज में सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं।÷

युवाओं ने प्रताप सिंह शेखावत को फूल-मालाओं से सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शेखावत जैसे व्यक्तित्व समाज को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान, युवाओं ने अपने संबोधन में बताया कि शेखावत की नियुक्ति से युवा वर्ग में नई उम्मीदें जागृत हुई हैं। उनकी कार्यशैली और विचारधारा ने युवाओं को प्रेरित किया है कि वे समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए आगे बढ़ें।

प्रताप सिंह शेखावत ने अपने संबोधन में सभी युवाओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी यह सफलता समाज और युवाओं के समर्थन के बिना संभव नहीं थी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने कर्तव्यों का पालन करें और देश के विकास में योगदान दें। उन्होंने यह भी कहा कि वे न्याय व्यवस्था के क्षेत्र में अपने कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे।

कार्यक्रम का समापन जोश और उत्साह से भरे युवाओं के नारों और शेखावत के समर्थन में जयघोष के साथ हुआ। युवा दिवस का यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणादायक और यादगार साबित हुआ।

इस मौके पर सौरभ अरोड़ा, सुनील चाहर सोनू सेतिया, सूंदर अग्रवाल, सोनू शेखावत, निखिल शेखावत, विक्की डांगी, रितिक अरोड़ा, मुकेश भानुशाली, गणेशराम, साहिल कटारिया, दीपक बना, वीरेंदर राठोड़, चंदर भान सहित अन्य युवा मौजूद थे।

# सदर थाना पुलिस ने सफाई कर्मचारी की बेटी की शादी में मायरा भरा

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** सदर थाना पुलिस ने सामाजिक परंपरा के अनुसार थाने के सफाई कर्मचारी की बेटी की शादी में मायरा भरा । सदर थाना प्रभारी सी आई रामकुमार लेघा की सामाजिक परंपराओं के प्रति सकारात्मक सोच से थाने के पूरे स्टाफ ने अपने सफाई कर्मचारी दीपक चांगरा की बेटी प्रीति की शादी में मायरा भरने अंबेडकर भवन में पहुंचकर चुनरी ऑढ़ाकर नगदी व घरेलू सामान दिया। सी आई रामकुमार लेघा, एएसआई राजकुमार कटारिया, एएसआई सोहनलाल, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह बन्ना, हेड कांस्टेबल रामकुमार, हेड कांस्टेबल सज्जन कुमार सहित सदर थाना के पूरे स्टाफ ने सफाई कर्मचारी दीपक चांगरा की बेटी प्रीति के मायरे में 71000 रुपए नगदी व उपहार स्वरूप घरेलू सामान भेंट करके आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के रमेश अटवाल, पूर्व पार्षद ओमप्रकाश अठवाल, पूर्व पार्षद राजेंद्र ताखर, द्वारका प्रसाद चांगरा, राकेश अठवाल, विजय बारवासा, शम्मी कपूर, नवीन चांगरा, मंगतूराम घुसर, अजय बारवासा, अजय घुसर सहित रिश्तेदारों और बाल्मीकि समाज के लोगों ने सदर थाना सी आई रामकुमार लेघा के स्टाफ का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया।

## स्कॉलरशिप परीक्षा आयोजित , 2700 विद्यार्थियों ने लिया भाग

**हनुमानगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** द ग्रेविटी इंस्टीट्यूट, जंक्शन में चौथी बार आयोजित ष्ग्रेविटी स्कॉलरशिप परीक्षाष् में भारी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस परीक्षा में टाउन, जंक्शन, संगरिया और पीलीबंगा क्षेत्र से कक्षा 8वी , 10वीं और 12वीं विज्ञान वर्ग के 2700 छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ग्रेविटी इंस्टीट्यूट के संस्थापक प्रदीप पचार व निदेशक कैलाश सीरवी ओर प्रेम कुमार ने जानकारी दी कि यह परीक्षा विज्ञान के क्षेत्र में रुचि रखने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को निखारने और उन्हें आगे ब?ाने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है। चौथी बार आयोजित इस परीक्षा के लिए विद्यार्थी ठंड के मौसम के बावजूद बेहद उत्साहित दिखे। परीक्षा के आयोजन में विद्यार्थियों की संख्या और उनकी रुचि इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा के प्रति उनका झुकाव निरंतर ब? रहा है। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विज्ञान के क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करना है।

# हर्षोल्लास से मनाया होली उत्सव, शानदार रही राधा कृष्ण प्रस्तुति एवं फूलों की होली



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** लायंस क्लब श्री गंगानगर द्वारा शिरोमणि रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब सचिव लायन गौरव अरो?ा ने बताया की कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की रोचक गेम, फनी प्रश्नोत्तरी, फनी चुटकुले, समय पाबंदी पुरस्कार, कलरफुल लक्की कपल, कलरफुल लक्की लायन, कलरफुल लक्की लायनेस, कलरफुल लक्की किड रखा गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्यक्ष पवन अग्रवाल एवं क्लब की प्रथम महिला लायनेड अनीता अग्रवाल द्वारा सभी का स्वागत किया गया।राधा कृष्ण की शानदार नृत्य प्रस्तुति लायनेड मंजू गर्ग एवं लायनेड मोनिका बंसल द्वारा दी गई एवं सभी सदस्यों ने फूलों की होली का खूब आनंद उठाया। लायन विनोद बिहानी व लायनेड सारिका बिहानी द्वारा नृत्य नाटिका के माध्यम से नृत्य किया गया। लायन विनोद बिहानी जागीर फार्मा, विजय भोला एवं हर्षित अग्रवाल द्वारा गाना प्रस्तुत किया गया। सदस्यों एवं बच्चों द्वारा मजाकिया चुटकुले सुनाए गए ? जिसका सभी ने भरपूर आनंद उठाया। होली कपल गेम के विजेता रमन दीप सिंह, किड्स गेम के गुरनौर एवं केजल रहे । कलरफुल लकी किड का पुरस्कार बृजमोहन गणेश गढ़िया परिवार, कलरफुल लकी का लेडी डॉक्टर सुरभि टंडन, कलरफुल लकी कपल का लायन दिनकर बंसल, लकी लायन का लायन महेंद्र बंसल को मिला। समय पाबंदी पुरस्कार स्ड्डस्न लायन सुशील जैन बांठिया को दिया गया. प्रश्नोत्तरी विजेता एवं फनी चुटकुले सुनने पर हाथों-हाथ पुरस्कार दिए गए।मंच संचालन लायन रविंद्र अग्रवाल एवं लायनेड मंजू गर्ग द्वारा किया गया। शानदार रंगोली लायनेस नीनु मित्तल, राधिका अग्रवाल, हर्षिता लखोटिया,महक जैन एवं हितैषी अग्रवाल द्वारा बनाई गई। गेम्स का संयोजन लायनेड ? स्नेह लखोटिया, लायनेड नूरप्रीतकौर एवं राधिका अग्रवाल ने किया। सभी सदस्यों के लिए शानदार रात्रिभोज का आयोजन कोषाध्यक्ष लायन सतीश अरोड़ा द्वारा किया गया। होली के स्नेह मिलन पर क्लब के सभी सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहे।सभी ने कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया एवं कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों एवं अतिथियों का क्लब कोषाध्यक्ष लायन सतीश अरो?ा ने धन्यवाद ज्ञापित किया.

# पीर की दरगाह पर सालाना भंडारे व दीवान का आयोजित

## लख दाता पीर की दरगाह पर श्रद्धालुओं ने माथा टेकर मानते मांगी

जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** चूनावढ के निकट श्रीगंगानगर पदमपुर राजमार्ग पर पीर की दरगाह पर मंगलवार रात्रि को सातवां चलाना भंडारे में दीवान आयोजित किया गया पीर दरगाह के मुख्य सेवादार जसविंदर सिंह व उनके गुरुजन बाबा दर्शन सिंह 3चक,राजू बाबा ,शेख बाबा द्वारा लख दाता पीर दरबार में पांच पीरो के चिराग कर कार्यक्रम को शुरू करवाया गया पीर की दरगाह पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद, झाडू नमक, पीर की चदर चढ़ाकर मन्नतें और दुआएं मांगते हुए माथा टेका पीर की दरगाह पर खेल खिलौनों की दुकानों पर लोगों ने खूब खरीदारी की इस दीवान में लोक गायक



कलाकार मनदीप सागर ने भजन छले नू लोकी मेहणे मारदे केहडे पीर तो वधाई लै के आया- -- और गली चो जादा पीर वेखया----- बाबा की महिमा सुनाकर संगत को निहाल किया भंडारा में सेवादार भोला सिंह नरसोथ,गुरलाल सिंह,गुलशन सिंह,जिंदल सिंह, पप्पू सिंह हरपाल सिंह ओम प्रकाश गुरप्रीत सिंह हर्ष दीप, अर्श,खुशदीप,सुखदीप सिंह, सहित अन्य सेवादार मौजूद थे इस इस दौरान गुरु का अटूट लंगर बरताया गया।

# होली एवं रमजान के मद्देनजर धारा 163 प्रभावी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. मंजू ने हिन्दू समुदाय द्वारा होली एवं मुस्लिम समुदाय के पवित्र रमजान माह को शान्तिपूर्वक एवं सद्भावना से मनाने हेतु त्यौहार के मद्देनजर जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने, सामान्य जनजीवन एवं लोक शान्ति बनाए रखने हेतु नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण श्रीगंगानगर जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

आदेशानुसार विभिन्न गतिविधियों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के आग्नेय शस्त्र जैसे रिवॉल्वर, पिस्टल, राइफल, बन्दूक, टोपीदार बन्दूक तथा तेज धारदार हथियार, लाठी, हॉकी (स्टिक) इत्यादि साथ में लेकर सार्वजनिक स्थान पर नहीं घूमेगा, न ही एकत्रीकरण करेगा, न ही वितरण एवं सार्वजनिक स्थान पर उनका प्रदर्शन करेगा। कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थान पर जा रहे व्यक्ति एवं वाहन अथवा वाहन में यात्रा करने वाले व्यक्ति पर रंग, ऑयल एवं तारपीनयुक्त रंग पानी एवं रंग से भरे गुब्बारे नहीं छो?गा।

सुरक्षा से संबधित समस्त अधिकारियां/कर्मचारियों पर जो अपने कर्त्तव्य के निर्वहन के लिए हथियार रखने हेतु अधिकृत हैं, पर प्रतिबन्ध नहीं रहेगा। इसके अलावा वृद्ध, असहाय व्यक्तियों को सहारे हेतु लाठी रखने की छूट रहेगी। सिक्ख समुदाय के लोगों को धार्मिक परम्परा के अनुसार कृपाण धारण करने की छूट रहेगी। अनुज्ञापत्रधारी या रिटेनर को हथियार अनुज्ञप्ति के नवीनीकरण हेतु प्रपत्र 26 लेने के लिए पुलिस थाने में लाने व वहां से ले जाने की छूट रहेगी। कोई भी व्यक्ति होली त्यौहार पर रंग इस तरह से नहीं खेलेंगे, जिसमें किसी दूसरे सम्प्रदाय की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचती हों एवं किसी धार्मिक स्थान, दुकान, वाहन पर रंग गुलाल के नारे, गुब्बारे आदि नहीं फेकेंगे और न ही किसी अन्य को ऐसा करने के लिए प्रेरित करेंगे। रंग भरे गुब्बारे, घातक रसायन, धूल कीचड, ऑयल पेण्ट इत्यादि का उपयोग नहीं करेंगे एवं रंग खेलने के ‘‘अनिच्छुक’’ व्यक्तियों को ना तो लगायेंगे एवं न ही उन पर फेकेंगे। यह आदेश 13 मार्च सायं 5 बजे से 14 मार्च 2025 सायं 5 बजे तक प्रभावशील होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने पर पुलिस प्रशासन अथवा उपखण्ड अधिकारी द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत दण्डित कराने की कार्यवाही की जायेगी।


**आदेश 5 नियम 1 और बाबत दिवानी परिशिष्ट (ख) संख्या 2**
**अज उपखण्ड अधिकारी 'राजस्व' मुकाम सादुलशहर**
**ब इजलास रवि कुमार (आर.ए.एस.)**
**वाद ताराचंद आदि बनाम इमीलाल आदि**
**दावा बाबत 88, 53 आर.टी.ए.**
**मुकदमा नम्बर 571/2024**
**बनाम**

इमीलाल पुत्र पतराम जाति मेघवाल साकिन लखनसर तहसील व जिला बीकानेर राज, कचराराम पुत्र कुम्बाराम जाति मेघवाल साकिन बैडकला तहसील व जिला नामालुम तथा काशीराम पुत्र शामां गंगाराम पुत्र बालूराम, गुडी पुत्री जीवनराम, जसराम पुत्र शामां, जीवनी पुत्री शामां, जीवनीदेवी पुत्री शामां, फुसाराम पुत्र बालुराम, महेन्द्रो पुत्री शामां लाधुराम पुत्र पृथ्वीराज, विमला देवी पत्नी जीवनराम, शेरा पुत्र शामा, शांति देवी पुत्री शामा, सुखराम पुत्र पृथ्वीराज, सोहनलाल पुत्र जीवनराम अकवाम नायक साकिनान लालगढ तहसील सादुलशहर जिला श्रीगंगनगर, मुखराम पुत्र श्योकरण जाति मेघवाल साकिन चक 4 ई. छोटी, श्रीगंगानगर तहसील व जिला श्रीगंगानगर, शंकरलाल पुत्र सुगनाराम जाति गवारिया साकिन 36 एम ओ डी तहसील पदमपुर जिला श्रीगंगानगर राज कि ताराचंद आदि वादों ने आपके खिलाफ 88, 53 आर. टी. ए. के लिए बाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 09 माह ..04....सन् 2025 वार बुधवार को 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता हैं। आप न्यायालय में स्वयं किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गए हो और जो इस वाद से सम्बन्धी सब सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे जो ऐसे सब प्रशनो का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन दस्तावेजो को जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो अपनी प्रति रक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजो की लिखित कथन के साथ उपावद्ध कि जाने वाली सुधि में प्रविष्टी करें। आपको सुचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को न्यायालय में उपसंजात नही होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुउपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 10.03.25 को जारी किया गया।

**क्रमांक: 90 (11-3-25)**

**उपखण्ड अधिकारी**
**सादुलशहर**


# सिंधी लैंग्वेज लर्निंग कोर्स 2025 की परीक्षा का आयोजन

**हनुमानगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, नई दिल्ली द्वारा सिन्धी लेंग्वेज लर्निंग कोर्स स्कीम के तहत भारतीय सिंधु सभा राजस्थान न्यास के द्वारा सिंधी लैंग्वेज लर्निंग कोर्स परीक्षा-2025 राजस्थान के 26 केन्द्रों पर संपन्न कराई गई । हनुमानगढ़ में इस परीक्षा के आयोजन हेतु भारतीय सिंधु सभा राजस्थान न्यास के पदाधिकारी एवं परीक्षा संयोजक मंडल के सदस्य महामंत्री ईश्वर मोरवानी व बीकानेर संभाग प्रभारी मानसिंह मामनानी व पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष खजान चन्द शिवनानी उपस्थित रहे। जिला परीक्षा प्रभारी घनश्याम दास मेघवानी ने बताया की राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, नई दिल्ली की ओर से तीन प्रकार के कोर्स करवाए जाते हैं- सिन्धी सर्टिफिकेट कोर्स, सिन्धी डिप्लोमा कोर्स और सिन्धी एडवांस डिप्लोमा कोर्स। जिनकी सिन्धी भाषा अध्ययन केन्द्र पर एक अक्टूबर से लेकर 31 दिसंबर तक कक्षाएं नियमित रूप चलाई जा रही थी और निर्धारित पाठ्यक्रम को पूर्ण करवाया गया। आज स्थानीय शिशु शिक्षा सदन उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिन्धी मोहल्ला में इनकी फाइनल परीक्षा हुई जिसमें 280 विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन किया हुआ था जिसमें से 211 बच्चे उपस्थित रहे। सभी परीक्षार्थियों को भारतीय सिंधु सभा एवं पूज्य सिंधी पंचायत हनुमानगढ़ टाउन के द्वारा पुरस्कार भी दिया गया। इस परीक्षा का अवलोकन पूज्य सिंधी पंचायत व भारतीय सिंधु सभा के पदाधिकारियों बालकिशन करमचंदानी, सुनील गंगवानी, प्रदीप ज्ञानानी, मुरलीधर सखीजा, धर्मदास सावलानी, वीरेंद्र कारयानी के साथ-साथ शिक्षामित्र मधु गांधी, करुणा केसवानी, विद्या साखीजा, अंशिका, प्रिया, रीना गेहानी, प्रियांश,रितु खत्री, पूजा बाबानी, चांदनी आसवानी, अशोक खेमनानी, अनिल भगनानी आदि उपस्थित ने सहयोग किया।

# होली एवं रमजान को लेकर लगाए मजिस्ट्रेट

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. मंजू ने हिन्दू समुदाय द्वारा होली त्यौहार एवं मुस्लिम समुदाय के पवित्र रमजान माह को शान्तिपूर्वक एवं सद्भावना से बनाने के लिये कार्यपालक मजिस्ट्रेट लगाए हैं। सभी उपखण्ड अधिकारी अपने उपखण्ड क्षेत्र में व तहसीलदार अपने तहसील क्षेत्र में कार्यपालक मजिस्ट्रेट होंगे, जो अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखेंगे।होली त्यौहार के मद्देनजर श्रीगंगानगर शहर की नगर परिषद सीमाओं में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुरानी आबादी, कोतवाली थाना क्षेत्र में एसडीएम गंगानगर व जवाहरनगर तथा सदर थाना क्षेत्र में तहसीलदार गंगानगर को कार्यपालक मजिस्ट्रेट लगाया गया है।

आदेशानुसार समस्त कार्यपालक मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया गया है कि वे 13 मार्च 2025 की सायं 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक एवं 14 मार्च 2025 को प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक अपने-अपने कार्य क्षेत्र में उपस्थित रहेंगे। डयूटी के दौरान सुनिश्चित कर लिया जाये कि कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति किसी भी सूरत में बिग?ने नहीं पाये तथा संबंधित पुलिस अधिकारियों से समन्वय रखते हुए आपस में सम्पर्क बनाये रखेंगे तथा जिला कलक्टर को भी सूचना देते रहेंगे।

फायर ऑफिसर नगर परिषद श्रीगंगानगर, एक फायर बिग्रेड की गा?ी तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, श्रीगंगानगर एक एम्बुलेन्स मय दवाईयां सहित 13 मार्च 2025 को सायं 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक राजकीय चिकित्सालय एवं दमकल विभाग, श्रीगंगानगर में तैयार रखेंगे। 14 मार्च 2025 को प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक कलक्ट्रेट में रहेगी, जो उपखण्ड मजिस्ट्रेट, श्रीगंगानगर के निर्देशों में रहेगी। जिला पुलिस अधीक्षक श्रीगंगानगर कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक पुलिस जाप्ता लगाना सुनिश्चित करेंगे।

# लक्ष्या ज्याणी पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना के तहत सम्मानित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** जिला प्रशासन जिला पुलिस श्री गंगानगर के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्त गंगानगर अभियान - ऑपरेशन सीमा जो जिला कलेक्टर डॉ मंजू एवं जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमान गौरव यादव डीआईजी के नेतृत्व में पूरे जिले को नशा मुक्त करने के लिए चलाया जा रहा है कि जिला ब्रांड एंबेसडर 10 साल की छोटी बेटी लक्ष्या ज्याणी को उनके द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत 550 से अधिक नाटक कार्यक्रम के माध्यम से 50 हजार से अधिक युवाओं को नशा मुक्त जीवन की शपथ दिलाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला अधिकारिता विभाग की ओर से पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना के तहत व्यक्तिगत श्रेणी का प्रथम पुरस्कार मिला यह नशा मुक्त गंगानगर अभियान को नई उड़ान के लिए यह अत्यंत हर्ष और गौरव का क्षण है कि नशा मुक्त गंगानगर अभियान की ब्रांड एंबेसडर, बेटी लक्ष्या ज्याणी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना के तहत व्यक्तिगत श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि उस अदम्य साहस, निष्ठा और सामाजिक समर्पण की पहचान है, जिससे लक्ष्या ने समाज को नशे की काली छाया से मुक्त करने के इस महाअभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह सम्मान समारोह नारी शक्ति का गौरवमयी सम्मान इस प्रतिष्ठित सम्मान है इस सम्मान को जिला कलेक्टर डॉ. मंजू जी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्रीमती रीना छींपा जी, श्रीमती सुमित्रा बिश्नोई जी, जिला प्रमुख महोदया एवं उप निदेशक श्री विजय कुमार जी के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया। यह गौरवशाली पल न केवल लक्ष्या ज्याणी के समर्पण का प्रतिफल है, बल्कि उन




सभी बेटियों और महिलाओं के लिए प्रेरणा है जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लक्ष्या ज्याणी आज नशा मुक्त समाज के संकल्प, समर्पण और साहस की मिसाल बन चुकी है। लक्ष्या ज्याणी की यह सफलता एक व्यक्तिगत विजय से कहीं अधिक है—यह एक आंदोलन, एक सोच और एक नई दिशा का प्रतीक है। उनका संकल्प और समर्पण यह दर्शाता है कि यदि युवा पीढ़ी जागरूक हो जाए और समाज के प्रति उत्तरदायित्व समझे, तो कोई भी बदलाव असंभव नहीं है। सपने देखना ही काफी नहीं, उन्हें साकार करने के लिए जुनून, मेहनत और समर्पण भी आवश्यक है। लक्ष्या ने नशा मुक्त समाज के अपने इस सपने को सिर्फ शब्दों में ही नहीं, बल्कि कर्मों में भी उतारा है। उन्होंने युवाओं को जागरूक करने के लिए अनगिनत नाटक कार्यक्रम, सेमिनार और जागरूकता अभियानों में भाग लिया है। उनका यह प्रयास समाज के हर वर्ग को प्रेरित करता है कि नशा एक सामाजिक अभिशाप है, जिससे छुटकारा पाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ओर नशा मुक्त गंगानगर- एक मिशन, एक संकल्प नशा मुक्त गंगानगर अभियान सिर्फ एक पहल नहीं, बल्कि एक संकल्प है– स्वस्थ, समृद्ध और नशा मुक्त समाज की ओर बढ़ने का। यह केवल कानून या प्रशासन का कार्य नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह इस पवित्र अभियान का हिस्सा बने। लक्ष्या जैसी बेटियों का यह योगदान यह साबित करता है कि जब समाज की युवा शक्ति किसी लक्ष्य के लिए समर्पित होती है, तो असंभव भी संभव हो जाता है। लक्ष्या ज्याणी ने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर पर में आप सभी से अपील करते हैं कि इस आंदोलन को और अधिक बल दें। अपने परिवार, मित्रों और समाज के हर वर्ग को जागरूक करें और इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं। हर छोटे प्रयास से बड़ा परिवर्तन संभव है। जब इरादे नेक हों और हौसला बुलंद, तो बदलाव की नई इबारत लिखी जा सकती है। ओर आप सभी के सहयोग और आशीर्वाद के लिए हृदय से धन्यवाद!

# होली रो फ़ाग उत्सव में जमकर थिरके महोल्लावासी

❑ विधायक जयदीप बिहाणी से भारतीय सस्कृति व परम्परा को आगे बढ़ाने के लिए बच्चो को ऐसे पारम्परिक आयोजनों मे जोड़ने की अपील की



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** चंग की धाप पर थिरकते रंग बिरंगे कपड़े पहने कलाकार और महरी का रूप धरे कलाकार द्वारा मुह से आग निकालना व जलती आग को मुह मे रख कर बुझाना जैसे हैरतअंगेज करतब दिखाना, यह मौका था जवाहरनगर सेक्टर 2 की सस्कृति सेवा समिति के होली रो फ़ाग उत्सव का। एडवोकेट अरुण भाटी ने बताया की इस आयोजन मे मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक जयदीप बिहाणी उपस्थित रहे। सेक्टर 2 के समस्त नागरिक अरोड़वंश स्कूल मार्केट के सभी दुकानदार, महेश जैन, रोहित गखड़, युद्धवीर पवार, श्यामसुंदर सोनी, एडवोकेट सुमेश शर्मा , एडवोकेट अरूण सिंह भाटी एडवोकेट अमित छाबड़ा, रामलाल डोटासरा,पार्षद प्रियंक भाटी, अशोक शर्मा व समस्त मोहल्ला निवासी उपस्थित रहे।

विधायक जयदीप बिहाणी ने कलाकारों कि प्रस्तुति की प्रसंसा करते हुए इसे असली मारवाड़ बताया। उन्होंने लोगो से अपील की की वे अपने बच्चो को लोक सस्कृति, खानपान, वेजभूषा से जोड़े ताकि भारत की विविधता मे एकता की सस्कृति की साख बढे। गोरबंद समिति के रामप्रसाद सारस्वत ने बताया की उनकी मंडली मे जैसलमेर, बाड़मेर के कलाकार भी शामिल है। हमारा उद्देश्य हमारी राजस्थानी सस्कृति को जीवन्त रख कर इसका प्रचार प्रसार करना है।

## महिला की हत्या कर खेत में फेंका

जनमार्ग न्यूज

**गुरुग्राम।**गुरुग्राम के मानेसर थाना क्षेत्र के गांव नाहरपुर कासन में एक महिला का शव मिला है। सूचना मिलने पर मानेसर थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और फारेंसिक टीम को बुलाया। यह शव कई दिन पुराना लग रहा है। मृतका के सिर पर गहरे चोट के निशान मिले हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि सिर पर चोट मारकर उसकी हत्या की गई है। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक, गांव नाहरपुर कासन में मंगलवार की सुबह एक महिला का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली थी।

# हनुमानगढ़ विधायक गणेश राज बंसल सम्मानित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** मूल पिछड़ा वर्ग की जातियों के संरक्षण हेतु हनुमानगढ़ विधायक गणेश राज बंसल द्वारा विधानसभा में मुद्दा उठाने के लिए शीघ्र ही मूल पिछड़ा वर्ग द्वारा श्रीगंगानगर में आयोजित समारोह में विधायक गणेश राज बंसल भव्य स्वागत व सम्मानित किया जाएगा। ओबीसी समाज के प्रतिनिधि ताराचंद छींपा ने बताया कि इस सन्दर्भ में रविवार को मूल पिछड़ा वर्ग के संयोजक महेंद्र बागड़ी की अध्यक्षता में एक अहम बैठक स्थानीय चहल चौक स्थित जिला प्रगतिशील कुम्हार धर्मशाला में हुई, जिसमें मूल पिछड़ा वर्ग में शामिल सभी जातियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में विधायक गणेशराज बंसल द्वारा जाटों को ओबीसी में



शामिल करने का मुद्दा विधानसभा उठाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सर्वसम्मति से उन्हें श्रीगंगानगर मूल पिछड़ा वर्ग द्वारा सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। बागड़ी ने कहा कि हनुमानगढ़ विधायक गणेश राज बंसल ने राजस्थान विधानसभा में पिछड़ा वर्ग में जबरन शामिल जाट जाति का जबरदस्त विरोध किया है जिसके लिए श्रीगंगानगर मूल पिछड़ा वर्ग में शामिल सभी जातियों के लोग विधायक गणेश राज बंसल का साधुवाद करते हैं। इस दौरान हनुमानगढ़ विधायक गणेश राज बंसल का श्रीगंगानगर में भव्य स्वागत करने के लिए मूल ओबीसी समाज प्रतिनिधियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

## श्री खाटू श्याम दीवाने मंडल ने निकाली सातवी भव्य अरदास निशान यात्रा

**हनुमानगढ़।** श्री खाटू श्याम दीवाने मंडल द्वारा फाल्गुन महोत्सव की सातवी भव्य अरदास निशान यात्रा सोमवार को फाल्गुन सुदी ग्यारस पर जंक्शन की दुर्गा मंदिर में हारे के सहारे बाबा श्याम की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ रवाना की गई। शोभायात्रा में भारी संख्या में महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं ने उत्साह से भाग लिया। शोभायात्रा दुर्गा मंदिर धर्मशाला से आरंभ होकर शहर के मुख्य मुख्य मार्गो से होती हुई टाउन जंक्शन रोड स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में संपन्न हुई। श्री श्याम दीवाने मंडल के सदस्य व श्रद्धालु सुंदर-सुंदर भजनों पर झूमते हुए पूरे शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली और सारे रास्ते बाबा श्याम के जयकारों के साथ शहर को भक्तिरसमय कर दिया। श्री श्याम दीवाने मंडल के सदस्यों ने बताया कि जैसे खाटू धाम मन्दिर पर सूरजगढ़ निशान चढ़ाता है उसी जज्बे के साथ मंडल के सभी सदस्यों ने हर फागुन एकादशी पर बांके बिहारी मंदिर हनुमानगढ़ जंक्शन में हर साल निशान लगाने का जिम्मा लिया है जिसके तहत यह सातवी निशान ध्वजा यात्रा निकाली गई है। भव्य शोभायात्रा में विशेष आकर्षण का केंद्र बाबा श्याम का भव्य एवं अकर्षित दरबार, सूंदर सूंदर झांकिया, फूलों की होली एवं इत्र वर्षा रही।

## श्री राधा वल्लभ धाम मंदिर में फाल्गुन एकादशी पर आयोजित श्याम संकीर्तन में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

### 14 मार्च को भक्तों द्वारा फूलों की होली खेली जाएगी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** 3 ई छोटी शिवाजी नगर प्रथम एसएसबी रोड स्थित श्री राधा वल्लभ धाम मंदिर (राधे की हवेली) में फाल्गुन एकादशी पर भव्य श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। पूजारी योगेश कौशिक ने बताया कि श्याम संकीर्तन में बाल कथा व्यास नंदिनी किशोरी, रवि मुसाफिर, प्रभजोत कौर तथा ऊषा लडवाल ने सुरीली आवाज में भजनों द्वारा खाटू नरेश की महिमा का गुणगान किया। श्याम प्रेमी विशेष रूप से भगवान श्री राधाकृष्ण की ड्रेस से मैचिंग ड्रेस पहनकर आए थे तथा भजनों पर श्रद्धालुओं ने नाच-गाकर व झूमकर भरपूर आनंद प्राप्त किया। इस मौके पर भक्तों ने श्याम बाबा के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान कर दिया। आरती के पश्चात् सेव तथा दूध की ठंडाई का प्रसाद श्रद्धालुओं को



वितरित किया गया। प्रसाद की सेवा और बाबा के श्रृंगार की सेवा श्याम भक्त सुशील शर्मा द्वारा की गई थी। इस अवसर पर अनेक महिला-पुरुष, बच्चे-बुजुर्ग, युवा श्रद्धालु उपस्थित थे।

पूजारी योगेश कौशिक ने बताया कि 14 मार्च, शुक्रवार को श्री राधा वल्लभ धाम मंदिर (राधे की हवेली) में होली महोत्सव धूमधाम से हर्षोल्लासपूर्वक आयोजित किया जाएगा। मंदिर प्रांगण में सर्वप्रथम प्रातः 8 बजे तक भजन कीर्तन कार्यक्रम होगा। तत्पश्चात् भक्तों द्वारा भगवान श्रीराधाकृष्ण तथा श्याम बाबा के साथ फूलों की होली खेली जाएगी। इस मौके पर श्रद्धालुओं को कढ़ी-कचोरी का प्रसाद वितरित किया जाएगा। उन्होंने समस्त श्रद्धालुओं से इस कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त करने का आह्वान किया है।

## कान्हा के संग होली के रंग 14 को

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** शहर के निकट गांव 23 जीजी चुनावढ कोठी स्थित सेठ सांवरा मंदिर में 14 मार्च को फागोत्सव कार्यक्रम रखा गया है। इसमें कान्हा के भक्त सांवरिया सेठ के साथ फूलों की होली खेलेंगे। इस दौरान भगवान कृष्ण के भजनों का कार्यक्रम होगा। लोग होली के भजनों आर सांवरिया सेठ के साथ झूमेंगे।

सुबह दस बजे से दोपहर बारह बजे तक कान्हा के साथ होली खेलने के बाद कान्हा को कढ़ी, खीचड़ा और ठंडाई का भोग लगाया जाएगा। माधुरी ग्रुप कीर्तन मंडल कान्हा के एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत करेगा।

सुबह से दोपहर तक भक्तजन कान्हा की भक्ति में डूबकर होली उठाएंगे। इससे पहले 13 मार्च को मंदिर में होलिका दहन का कार्यक्रम रखा गया है। दिन में पूजा अर्चना के बाद रात को मंदिर में होलिका दहन होगा।

# खाओ हो थे खीर चूरमो नीले ऊपर घूमो हो

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सुदामानगर स्थित, सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर के सतरंगी फाल्गुन मेंले मे बारस के दिन श्याम श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा । मंदिर के मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि प्रथम आरती के समय से ही हजारों श्याम श्रद्धालुओं का आना प्रारंभ हो गया। जो कि निरंतर जारी है। हाजिरी लिखवाता हूं हर ग्यारस में मिलती है तनख्वाह मुझे बारस में..... कहते हैं जो लोग ग्यारस पर मन्नत मांगते हैं। उनकी सुनवाई बारस को की जाती है। दो दिन के बदले में बाबा तीस दिनों तक मौज भी करवाता है । प्रातः 8ः15 बजे खीर चूरमे की सवामणियों का महाभोग बाबा को लगाकर श्रद्धालुओं में निरंतर वितरित किया जा रहा था। आज सुबह से ही डीजे की थाप पर रंग गुलाल खेलते हुए नाचते गाते, श्याम प्रेमी अपनी मस्ती में झूमते हुए ध्वजाएं लेकर मंदिर प्रांगण



पहुंचे । इस साल इस सतरंगी फाल्गुन मेले में लगभग दस हजार से ज्यादा ध्वजाये बाबा श्याम को अर्पित की गई । हजारों श्रद्धालुओं को बाबा श्याम के दर्शन की एक झलक पाने के लिए काफी इंतजार व मशक्कत के बाद बाबा का आशीर्वाद मिला। सेवादारो ने लाइनों में भी शीतल जल की व्यवस्था कर रखी थी। मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि लगभग 50 सेवादारों ने ड्यूटियां संभाल रखी है । पुलिस प्रशासन का भी भरपूर सहयोग इस मेले के दौरान मंदिर प्रांगण को मिला आए हुए सभी श्रद्धालुओं का मान - सम्मान ,भोजन लंगर व प्रसाद की व्यवस्था भी मंदिर प्रांगण से जुड़े सेवादारों द्वारा की गई है । मंदिर संचालक दीनदयाल शेरेवाला ने बताया की सायं 5ः00बजे से 8ः00 तक श्री श्याम अखाड़ा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नितीश भारद्वाज मुंबई से व अन्य भजन प्रवाहक अपने भजनों के माध्यम से बाबा श्याम को रिझाएंगे। रात्रि जागरण 09.00 बजे से श्री श्याम पैदल यात्रा प्रबंधन समिति के राजेश कापड़िया, मोहन लाल गर्ग , पवन गुप्ता, साहिल कापड़िया व अन्य भजन गायकों द्वारा किया जायेगा।

## धार्मिक गीत होला खेडदा आनंदपुर साहिब खालसा कल सुबह यूट्यूब पर होगा रीलीज



**श्रीगंगानगर।** होला महल्ला को समर्पित व दशमेश तरना दल के मुखी जत्थेदार बाबा मेजर सिंह सोढी की प्रेरणा से स्थानीय गायक सिमरजीत सिंह का नया धार्मिक गीत होला खेडदा आनंदपुर साहिब खालसा बुधवार सुबह 11 बजे यूट्यूब पर रीलीज होगा। मंगलवार सुबह शिरोमणी पंथ अकाली दशमेश तरना दल मिसल सेवा सिमरन दे पुंज भाई कन्हैया जी के मुखी जत्थेदार बाबा राज सिंह खालसा रेस्टोरेंट वालों के निवास पर गीत के पोस्टर का विमोचन किया गया। गीत के लिरिक्स थ्री-मन के हैं और संगीत नेक्सटबिट ने दिया है। इस अवसर पर जत्थेदार बाबा राज सिंह खालसा व गायक सिमरजीत सिंह के साथ बॉबी पहलवान और अन्य सेवादार उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

### कब्बड्डी में टिब्बी ब्लॉक की टीम विजेता एवं रस्साकशी में भादरा ब्लॉक की टीम विजेता रही

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मेरा युवा भारत नेहरू युवा केन्द्र, हनुमानगढ द्वारा दिनांक 09 से 10.03.25 तक राजीव गांधी स्टेडियम,हनुमानगढ में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई । जिला स्तरीय प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तरीय विजेता टीमों में भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री अक्षित विष्नोई,जिला अल्पसंख्यक अधिकारी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह शेखावत ने करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित समस्त युवाओं को नशे से



दूर रहने की शपथ दिलाते हुए खेलों से जु?कर स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनने का आह्वान किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर की कब्बड्डी, रस्साकशी,100 मी.,200 मि. दौ? के विजेताओं ने प्रतिभागिता की जिसमें कब्बड्डी (पुरुष) में टिब्बी ब्लॉक की टीम विजेता व हनुमानगढ ब्लॉक की टीम उपविजेता रही । रस्साकशी (महिला) में भादरा ब्लॉक की टीम विजेता व पीलीबंगा ब्लॉक की टीम उपविजेता रही। 100 मि. दौ? (महिला) में पूजा एवं 200 मि. दौ? (महिला) में प्रथम स्थान गीता ने प्राप्त किया तथा 100 मि. दौ? (पुरुष) में प्रथम स्थान गोपालराम एवं 200 मि. दौ? (पुरुष) में गोविन्द ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में ब्लॉक स्तर की समूह खेलों की विजेता टीमों को खेल सामग्री वितरित की गई तथा जिला स्तर के विजेताओं को टीशर्ट,सम्मान प्रतीक,ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका श्री संजय विष्नोई,परमानन्द,देवेन्द्र पुनिया,खेतपाल विष्नोई,प्रभुदयाल,ओमप्रकाष,अनिल कुमार,जनक एवं पाला सिंह ने अहम भूमिका निभाई। नेहरू युवा केन्द्र के पूर्व स्वयंसेवक योगेन्द्र सिंह,विजय कुमार उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# हार्टफुलनेस एकात्म अभियान के तहत 62 गांवों में लगाए ध्यान शिविर

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** हार्टफुलनेस संस्था द्वारा चलाए जा रहे हार्टफुलनेस एकात्म अभियान को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। हार्टफुलनेस संस्था के प्रवक्ता प्रेमप्रकाश यादव ने बताया कि सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार तथा हार्टफुलनेस संस्था श्रीरामचन्द्र मिशन के संयुक्त तत्वावधान में एकात्म अभियान के तहत श्रीगंगानगर जिले सहित सम्पूर्ण राजस्थान में ध्यान शिविर लगाए जा रहे हैं। श्रीगंगानगर जिले में विभिन्न टीमों द्वारा जिले की सभी तहसीलों में गांव-गांव जाकर ग्रामवासियों को ध्यान करवाया जा रहा है। ध्यान शिविर में राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों की पालना में सभी डीडीओ तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आदेश जारी कर पूर्ण सहयोग दिया जा रहा है। अब तक श्रीगंगानगर की विभिन्न तहसीलों के 62 गांवों में ध्यान शिविर लगाकर ध्यान करवाया जा चुका है। ध्यान शिविर के दौरान रावला मंडी में सरपंच गंगाबिशन ने अपने सम्बोधन में इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इससे लोगों में तनाव दूर होगा तथा जीवन जीने की एवं समाज में अच्छा करने की सोच को बल मिलेगा। इस शिविर द्वारा लोग शांति से जीना एवं खुश रहना सीख रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी बढ़-चढ़कर योगदान देने के लिए प्रेरित किया।



ध्यान शिविर हेतु हार्टफुलनेस संस्था द्वारा जिलेभर में कार्यकर्ताओं की टीम का गठन किया गया है, जिसमें रावला में लक्ष्मण, नंदकिशोर व मायादेवी, सहारणावाली में डॉ. जुगल अरोड़ा, ओम सनेजा, वीना चलाना व रमेश चलाना, पदमपुर में कमल कुमार, शीला सिंगल, किरण सैनी, जय किशन व सिद्धार्थ अरोड़ा, श्रीगंगानगर तहसील में मनजीत कौर, प्रभु पैंसिया, सुशीला, कुणाल गोयल, स्वरूप नंदा, रवि अरोड़ा व वंदना अरोड़ा, श्रीकरणपुर तहसील में मुकेश गोयल व सुशील कुमार, सादुलशहर तहसील में रेणू बाला, ओम पारीक व संदीप धारणियां, घड़साना तहसील में मनोज कुमार, सिम्मी, रोहिताश सिडाना व कृतिका नागपाल सहित सभी कार्यकर्ताओं द्वारा सफल आयोजन के लिए अनथक योगदान दिया जा रहा है। सभी शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल होकर लाभान्वित हो रहे हैं।

प्रवक्ता प्रेमप्रकाश यादव ने बताया कि 30 अप्रैल, 2025 तक चलने वाले इस अभियान के तहत आगामी दिनों में भी श्रीगंगानगर जिले की सभी पंचायतों, गांवों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर निःशुल्क ध्यान सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें ध्यान द्वारा क्रोध एवं तनाव में कमी लाने के साथ-साथ प्रबंधन के लिए यौगिक ध्यान भी करवाया जाएगा।

# गलता तीर्थ पर अवध-बृज फागोत्सव के आयोजनों में धर्म और संस्कृति साकार

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** देवस्थान विभाग छोटी काशी में गालव ऋषी की तपोभूमि पर पहली बार एक अद्भुत होली ब्रज-अवध फागोत्सव का आयोजन कर गलता तीर्थ पर धर्म और संस्कृति को साकार किया गया। देवस्थान विभाग के शासन सचिव डॉ. कृष्णाकांत पाठक ने बताया कि गलता तीर्थ पर फागोत्सव का आयोजन केवल फाग तक ही सीमित ना होकर सनातन संस्कृति की परंपरा को आगे बढ़ाने वाला कार्यक्रम मनाया जा रहा है। डॉ. पाठक ने बताया कि फागोत्सव की शुरुआत रविवार 9 मार्च को श्री गणेश पूजन और श्रीरामचरितमानस के अखण्ड पाठ और हरी कीर्तन से आरंभ हुई। 10 मार्च को दिन में बाल राम-कृष्ण छवि प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, जन जन के भगवान की झांकी, तिलक आशीर्वाद, वेदअध्ययनरत वटुकों द्वारा स्वस्तिवाचन, महाआरती सहित अनेक आकर्षण हुए। फागोत्सव के साथ ही इन सब आयोजनों के पीछे धर्मप्राण जयपुरवासियों की सहभागिता बढ़ाने और कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक, धर्ममय और गरिमामय बनाना है। उन्होंने बताया कि पयहारी बाबा के तप से जागृत गालव ऋषी की तपोभूमि की सांस्कृतिक श्रेष्ठता से जन जन को जोड़ने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। डॉ. कृष्णाकांत पाठक ने ब्रज-अवध फागोत्सव को अधिक गरिमामय बनाने और साधुसंतों की गरिमामय सहभागिता सुनिष्चित करने के लिए श्री गलता तीर्थ के साधु संतों से भी विस्तार से विचार विमर्श किया। इस अवसर पर गौ पूजन, तिलक- आशीर्वाद, माखन मिश्री और श्रीखण्ड के प्रसाद के साथ ही महाआरती का भी कार्यक्रम रखा गया। श्रृद्धालुओं को भगवान श्रीराम और भगवान श्री कृष्ण की आरती का अवसर भी उपलब्ध होगा। देवस्थान सचिव डॉ. पाठक ने बताया कि सरकार द्वारा श्री गलता तीर्थ के पुजारियों को धोती, शॉल, अंगवस्त्रम्, श्रीफल व दक्षिणा भी भेंट की जाएगी। फागोत्सव पर आयोजित कार्यक्रमों में आने वाले श्रृद्धालुओं खासतौर से महिलाओं के तिलक चंदन लगाने के लिए बालिकाओं-महिलाओं द्वारा लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि फागोत्सव में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के श्री सीताराम मंदिर में मर्यादित अवध होली का आयोजन होगा तो लीलापुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण के श्री गोविन्द गोपाल मंदिर में बृज होली का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि संपूर्ण कार्यक्रम मर्यादित, गरिमामय और धर्ममय आयोजित किये जाएंगे। कार्यक्रम में प्रसाद वितरण भी होगा। फागोत्सव का आयोजन देवस्थान विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम आमेर विकास प्राधिकरण की भी सहभागिता रहेगी। उन्होंने जयपुरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में गलता तीर्थ पर आयोजित अद्भुत अनूठे अवध-बृज फागोत्सव और इस अवसर पर आयोजित अन्य प्रतियोगिताओं व कार्यक्रमों में हिस्सा लेने का खुला आमंत्रण और आग्रह किया है।

# ब्रह्म वेला में निकाली प्रभात फेरी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** स्त्री आर्य समाज, आदर्श नगर, श्रीगंगानगर द्वारा आदर्श नगर स्थित नवनिर्मित भवन के उदघाटन उपलक्ष्य शनिवार सुबह ब्रह्म वेला में प्रभात फेरी निकाली गई। स्त्री आर्य समाज आदर्श नगर से प्रारम्भ प्रभात फेरी शहर के मुख्य-मुख्य मार्गों से होते हुए स्वामी दयानन्द मार्ग स्थित आर्य समाज भवन पहुंचकर सम्पन्न हुई। प्रभात फेरी में स्त्री आर्य समाज की महिला साधक भजन गाते हुए चल रही थीं। आर्य समाज सदस्यों सहित शहरवासियों द्वारा पूरे रास्ते जगह-जगह प्रभात फेरी का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर आर्य समाज में यज्ञ भी किया गया। इस अवसर पर आर्य समाज तथा स्त्री आर्य समाज पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।



## हिन्दू नववर्ष कार्यक्रम 22 मार्च को

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** वैदिक गुरुकुल कन्या आश्रम, फतूही का स्थापना दिवस व हिन्दू नववर्ष कार्यक्रम 22 मार्च, शनिवार को संस्थापक महाराज सुखानन्द स्वामी के सानिध्य में धूमधाम से हर्षोल्लासपूर्वक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी उद्योगपति विजय कुमार गोयल होंगे। सचिव सोहनलाल सिंगाठिया ने बताया कि कार्यक्रम में गुरुकुल कन्या आश्रम की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी तथा कन्या विद्यालय में सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाहों को सम्मानित किया जाएगा।

# 12वां फाग महोत्सव संपन्न

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** श्रीकृष्ण प्रणामी महिला सत्संग समिति द्वारा 12वें फाग महोत्सव का भव्य आयोजन टाउन के भटनेर पैलेस में किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में समिति की सदस्याओं सहित शहर की कई महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे आयोजन में भक्ति, उल्लास और प्रेमभाव का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत समाजसेवी मंजू बालकिशन खदरीया द्वारा बाल गोपाल को रंग और गुलाल अर्पित करने के साथ की गई। इसके बाद महिलाओं ने भक्तिरस में डूबते हुए फूलों की होली खेली। साथ ही, नन्हे लड्डू गोपाल को विशेष रूप से सजाया गया और श्रद्धालु महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन के साथ उन्हें कार्यक्रम स्थल पर लाया गया। इस अवसर पर पूरे वातावरण में रंग बरसे, श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी जैसे भक्ति गीत गूंजते रहे, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया।



**हर ग्यारस पर होता है कीर्तन आयोजन**

समिति की सदस्य मंजू बालकिशन खदरीया ने बताया कि सतगुरु श्री सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से पिछले 11 वर्षों से हर ग्यारस को कीर्तन का आयोजन किया जाता है। वहीं, होली के महीने में विशेष रूप से भव्य फागोत्सव मनाया जाता है। इस दौरान एकत्रित की गई धनराशि गौसेवा, मंदबुद्धि बच्चों की सेवा और गरीब कन्याओं के विवाह में सहयोग के लिए प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के पीछे बालकिशन खदरीया का विशेष सहयोग रहा, जिनकी प्रेरणा से यह उत्सव हर वर्ष भव्यता के साथ आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी के फाग उत्सव से जुड़े भजन गाए और नृत्य किया।

**महिलाओं ने उमंग और श्रद्धा के साथ मनाया उत्सव**

इस आयोजन में शहर की कई महिलाएं शामिल हुईं, जिनमें ज्योति खदरीया, सोनल खदरीया, प्रीति, लक्ष्मी, सुनीता, अंशु, रजनी सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहीं। सभी ने मिलकर श्रीकृष्ण प्रेम में रंगी यह होली मनाई और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

## माकपा का आज प्रदर्शन का निर्णय

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) तहसील कमेटी हनुमानगढ़ की बैठक सोमवार को शहीद भगत सिंह यादगार केंद्र, लाल चौक पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कामरेड आत्मा सिंह ने की, जबकि इसमें तहसील पर्यवेक्षक कामरेड रामेश्वर वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में माकपा तहसील सचिव कामरेड बसंत सिंह , शेर सिंह शाक्य ने जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर एजेंडा प्रस्तुत किया, जिस पर गहन चर्चा की गई। कामरेड रामेश्वर वर्मा ने बताया कि शहरी मनरेगा योजना के तहत पिछले आठ महीनों से मजदूरों को भुगतान नहीं किया गया है और कार्य पूरी तरह बंद पड़ा है। इसे लेकर 11 मार्च को नगर परिषद कार्यालय, जंक्शन पर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।

# भारतीय परिवार व्यवस्था, कुटुम्ब परम्परा केन्द्रित कहानी-लेखन प्रतियोगिता में अव्वल प्रतिभागियों का हुआ सम्मान

## शिक्षाविद् मनीराम सेतिया की सद्य प्रकाशित पुस्तक का विमोचन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद, जोधपुर प्रान्त की भारतीय परिवार व्यवस्था, कुटुम्ब परम्परा केन्द्रित कहानी-लेखन प्रतियोगिता का सम्मान समारोह रविवार को जोधपुर में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यालय, महाविद्यालय तथा साहित्यकार वर्ग में अव्वल प्रतिभागियों को मंचासीन अतिथियों ने अंगवस्त्र तथा प्रमाण-पत्र व सम्मान प्रतीक भेंटकर सम्मानित किया। परिषद् अध्यक्ष डॉ. रामनारायण शर्मा ने बताया कि श्रीगंगानगर जिले के कुल 238 प्रतिभागियों में से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय वर्ग में क्रमशः ज्योति रानी, तोषिका व दीपिका पटवा, महाविद्यालय वर्ग में मयूरी, संजय कुमार 'साहित्यबन्धु' व देविका लोहारा, साहित्यकार वर्ग में सतपाल कुमार, मुकेश कुमार व पवन सैन तथा वरिष्ठ वर्ग में डॉ. गोपीराम शर्मा, सुरेश कुमार कनवाडि?ा व बनवारीलाल शर्मा को सम्मान प्रदान किया गया। जोधपुर के यूथ हॉस्टल में आयोजित इस कहानी प्रतियोगिता सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत थे। राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री मनोज कुमार मुख्य वक्ता, क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. अन्नाराम शर्मा, डॉ. विपिन चन्द्र क्षेत्रीय संगठन मंत्री तथा कार्यक्रम अध्यक्ष राजस्थानी भाषा व साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर डॉ. कल्याण सिंह शेखावत एवं विशिष्ट अतिथि चिकित्सक व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. फतेहसिंह भाटी थे। इस कार्यक्रम में श्रीगंगानगर से परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. रामनारायण शर्मा के नेतृत्व में 17 सदस्यीय दल शामिल हुआ। डॉ. शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में शिक्षाविद् मनीराम सेतिया की सद्य प्रकाशित पुस्तक 'प्रेरणास्पद भारतीय व्यक्तित्व' का मंचासीन अतिथियों तथा प्रान्त उपाध्यक्ष डॉ. गोपीराम शर्मा व डॉ. रामनारायण शर्मा द्वारा विमोचन किया गया। मंचासीन विद्वान अतिथियों ने इस पुस्तक की चर्चा करते हुए बताया कि यह पुस्तक विशेष रूप से युवाओं व कैरियर निर्माण में लगे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी। इस पुस्तक में भारत के प्रायः भूले-बिसरे उन सपूतों के जीवनवृत्त का सहज, सरल भाषा में संकलन है, जो कि प्रेरक व्यक्तित्व हैं। मंचासीन अतिथियों द्वारा लेखक मनीराम सेतिया को शॉल ओढ़ाकर तथा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने पंचतंत्र व दादी-नानी की कहानियों का जिक्र करते हुए निष्कर्ष रूप से कहा कि कहानी भारत की ऐसी मूल व विशिष्ट विधा है, जो एकात्म भाव पैदा करते हुए परिवार, समाज को जोड़ते हुए संस्कृति को पुष्ट करती है। यह जानकारी अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिलाध्यक्ष डॉ. रामनारायण शर्मा ने दी।



## महिलाओं की 'शक्ति' का जश्न मनाया

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** सबरंग स्कूल में आज अंतर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की सभी छात्राओं और उनकी माताओं को आमंत्रित किया गया, ताकि महिलाओं की ताकत, संघर्ष और उपलब्धियों को सम्मानित किया जा सके। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित करना और एक समावेशी और समान समाज बनाने की दिशा में प्रेरणा देना था। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. रजनी ठकराल और डायरेक्टर डॉ. सुनील ठकराल ने सभी उपस्थित महिलाओं को धन्यवाद दिया और उनके योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उन्हें प्रोत्साहित करना और उनका समर्थन करना हम सभी का कर्तव्य है। स्कूल के स्टाफ सदस्यों ने भी इस अवसर पर उपस्थित सभी महिलाओं को सम्मानित किया और उन्हें प्रोत्साहित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रेरणादायक कहानियों और भावुक पलों ने सभी को महिलाओं की अदम्य शक्ति और उनके संघर्ष की याद दिलाई।




# महावीर इंटरनेशनल ने तेरह प्रसुताओं को पोषाहार की पोटली एवं कंबल दिए

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** अंतर्राष्टीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र सूरतगढ़ द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगढ़ में तेरह प्रसुताओं को पोषाहार की पोटली एवं एक एक कंबल दिया गया। यह प्रोजेक्ट केंद्र द्वारा हर महीने निरंतर किया जा रहा है। साथ ही वहां भर्ती सभी रोगियों एवं बच्चों को फल भी वितरित किए गए। पोषण की पोटली में दलिया, दाल, सब्जी, फल , बिस्कुट आदि दिए गए। इस अवसर पर अध्यक्षा वीरा अंजना सिंह, सचिव वीरा नेहा, वुमन एंपावरमेंट डिप्टी डायरेक्टर वीरा नीतू बैद, संजना वर्मा, कुलविंदर कौर, रेखा वर्मा आदि सदस्य उपस्थित थी।



# आंतरिक, बाहरी व बौद्धिक विकास के लिए हवन का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** हवन भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है, जो न केवल आध्यात्मिक उन्नति के लिए बल्कि पर्यावरण शुद्धि के लिए भी महत्तवपूर्ण है। ऐसा ही आयोजन सेक्रेड हार्ट विद्यालय की उच्च कक्षा के छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों द्वारा पंचकुंडीय हवन किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन कुमारी कृतिका अग्रवाल द्वारा किया गया जहां यज्ञ द्वारा चिकित्सा के प्रभाव की जनता को समझा व जाना। इस अवसर पर फीस निर्धारण समिति व विद्यालय समिति पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। विद्यालय के अध्ययन व गतिविधियों से प्रभावित होकर अभिभावकों ने ऐसे कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर दूसरी कक्षा के छात्र जितेंद्र के पिता श्रीमान सरविंदर सिंह व माता श्रीमती जीतपाल कौर द्वारा गमले व पौधे भेंट किए गए। हवन में 21 बार गायत्री मंत्र व अन्य वेद मंत्रों के द्वारा छात्रों व अभिभावकों द्वारा आहुतियां डाली गई।



प्रधानाध्यापिका नीना वर्मा ने उद्बोधन में कहा, वर्तमान में बच्चों को शारीरिक मानसिक व बौद्धिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं से निदान पाने के लिए हमारे दिनचर्या में हमारी संस्कृति के आयाम भजन संध्या योगाभ्यास आदि आवश्यक है जो की समय-समय पर विद्यालय बच्चों को अभिभावकों के माध्यम से जागृत करता है। उसी कड़ी में विद्यालय प्रांगण में पंचकुंडीय हवन का आयोजन किया गया। जघ घोष व मंत्रोच्चारण से पूरा वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से पूर्ण था।

इस अवसर पर शिक्षिका श्रुति सुखीजा व ईशा द्वारा गायन कला का बहुत ही सुंदर प्रदर्शन किया गया।

# अनूपगढ़ में हत्या के मामले में आरोपी को सजा

- 5 साल की कैद और 10 हजार का जुर्माना लगाया

**जनमार्ग न्यूज**

**अनूपगढ़।** अनूपगढ़ न्यायालय ने एक 6 साल पुराने हत्या के मामले में फैसला सुनाया है। एडीजे विपिन बिश्नोई की अदालत ने आरोपी कुलदीप सिंह को 5 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। मामला 14 अक्टूबर 2018 का है। लेख राम अपने साथी माडू राम के साथ गांव गिलांवाली जा रहे थे। इसी दौरान कुलदीप सिंह ने लेख राम पर गालियां देने का आरोप लगाते हुए मारपीट शुरू कर दी। माडू राम ने




बीच-बचाव की कोशिश की। जब वह सफल नहीं हुआ तो मदद के लिए गांव गया। इस बीच कुलदीप सिंह ने लेख राम को गंभीर रूप से घायल कर दिया। बेहोश लेख राम को श्रीगंगानगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 17 अक्टूबर को एएसआई लखवीर सिंह ने लेख राम का बयान दर्ज किया। कुछ दिन बाद इलाज के दौरान लेख राम की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले को आईपीसी की धारा 302 में दर्ज किया। अभियोजन पक्ष ने 14 गवाह और 33 दस्तावेज पेश किए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपी को धारा 304 भाग 2 के तहत दोषी करार दिया। अपर लोक अभियोजक तिलकराज चुघ ने बताया कि अर्थदंड न भरने पर आरोपी को 3 महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

सांध्य दैनिक जनमार्ग व प्रातःकालीन जनमार्ग में अपडेट व ताजा खबरों के लिए देखें:-

Website:- www.janmarg.com

Youtube:- Janmarg News

# विहिप नेता की कार में लगाई आग

**जनमार्ग न्यूज**

**धौलपुर।** धौलपुर के निहालगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात असामाजिक तत्वों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ी में आग लगा दी। गाड़ी में आग लगते ही स्थानीय लोगों ने मालिक को सूचना दे दी। जिसके चलते समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। जिस गाड़ी में आग लगाई गई थी। उसके आसपास तीन गाड़ियां और खड़ी थी। गाड़ी में सीएनजी गैस किट थी। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। गाड़ी के मालिक बजरंग दल के पूर्व संयोजक और वर्तमान में विश्व हिंदू परिषद के संपर्क प्रमुख राम शर्मा ने बताया कि उनकी ब्रेजा कार का 2 दिन पहले कुछ असामाजिक तत्वों ने पीछे का शीशा तोड़ दिया था, जिसके



बाद देर रात को बाइक पर आए दो असामाजिक तत्वों ने फिर से उनकी कार में आग लगा दी। रात के वक्त कार में आग लगते ही घर के लोग जाग गए। उन्होंने समय रहते आग पर काबू पा लिया। गाड़ी में सीएनजी किट थी, जिस तक आग पहुंचने से पहले ही आग को बुझा दिया गया। इससे बड़ा हादसा टल गया। पूर्व संयोजक ने रंजिश के चलते उनकी गाड़ी जलाने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही निहालगंज थाना प्रभारी प्रमेंद्र रावत ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली है।

# कार ने बाइक को मारी टक्कर, पिता की मौत, बेटी घायल

- रायसिंहनगर से आ रही थी कार, चालक फरार

**जनमार्ग न्यूज**



**अनूपगढ़।** अनूपगढ़ में वार्ड नंबर 22 से नेशनल हाईवे 911 पर जाते समय रायसिंहनगर से आ रही एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 70 वर्षीय गंगाराम और उनकी बेटी मीरा देवी घायल हो गए। घायलों को तुरंत अनूपगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंगाराम के सिर में गंभीर चोट लगी थी। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना मंगलवार की है। सूचना मिलते ही एसएचओ ईश्वर प्रसाद जांगिड़ अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। गंगाराम के शव को सरकारी चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। गंगाराम 5 पीजीएम अनूपगढ़ के रहने वाले थे। उनकी बेटी मीरा देवी कच्ची खेड़ी करनपुर की निवासी हैं। पुलिस ने हादसे में शामिल कार को जब्त कर लिया है। मृतक के परिजनों की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। कार चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

## महाराणा प्रताप सर्किल पर प्रतिमा लगाने को लेकर बैठक आज

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिमा लगाकर महाराणा प्रताप सर्किल बनाने हेतु सर्व समाज की आवश्यक बैठक आज 12 मार्च बुधवार को पंचायती धर्मशाला श्रीगंगानगर में शाम 5 बजे आयोजित की गई है। बैठक में शहर के गणमान्य नागरिकों को पहुंचने की अपील की गई है।

## होली पर अंकुर मगलानी ने की सुख समृद्धि की कामना

**जनमार्ग न्यूज**



**श्रीगंगानगर।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अंकुर मगलानी ने होलिका दहन और होली पर्व की इलाके के सभी वर्गों के लोगों को बधाई देते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने मंगल कामना करते हुए कहा है कि होली पर्व सांप्रदायिक सद्भाव और आपसी मेलजोल का रंगों से भरा त्यौहार है। यह त्यौहार समाज की सुख-समृद्धि, सकुशलता तथा भाईचारे का प्रतीक है। यह त्यौहार सभी लोगों के जीवन में उमंग और उल्लास लेकर आति है। सभी त्यौहार को मिलजुल कर खुशीपूर्वक मनाए। होली खेलते समय स्वास्थ्य के लिए हानिकारक रंगों का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए और सभी की भावनाओं का भी ख्याल रखें।

## तीन वाहनों की टक्कर, पुलिस कर्मचारी की मौत



**जनमार्ग न्यूज**

**फाजिल्का।** फाजिल्का की ढाणी खरासवाली के नजदीक तीन वाहनों की टक्कर में एक पुलिस कर्मचारी की मौत हो गई द्य तीन स्कूली छात्रों सहित 6 लोग घायल हुए है द्य जिनमें से दो छात्रों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया गया द्य इस हादसे में बाइक सवार गर्भवती महिला, उसकी बच्ची और पिता घायल हुए है। जानकारी के अनुसार जीप पर स्कूली छात्र समरबीर सिंह, दिवांशु और कौशिक सवार थे, जो गांव इस्लामवाला की और जा रहे थे द्य बाइक पर सवार सुखविंदर सिंह अपनी गर्भवती लड़की और पौती को गांव बन्नावाला छोड़ने जा रहे थे। वहीं कार में सवार पुलिस कर्मचारी केवल कृष्ण जा रहे थे। मलौट रोड पर ढाणी खरासवाली के नजदीक ओवरटेक करते समय तीनों वाहनो की टक्कर हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने किसी अन्य गाड़ी और एम्बुलेंस के जरिए घायलों को सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया द्य हादसे में सभी लोग बुरी तरह से घायल हुए द्य पुलिस कर्मचारी केवल कृष्ण की मौत हो गई द्य जबकि तीन स्कूली छात्रों में से दिवांशु और समरबीर बुरी तरह से जख्मी हुए हैं द्य जिन्हें डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया है द्य कौशिक का इलाज जारी है।

## होली और रमजान पर सख्त निर्देश

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने होली और रमजान को लेकर आदेश जारी किए हैं। जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए गए हैं। आदेश के अनुसार, कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर आग्नेय शस्त्र या तेज धारदार हथियार नहीं ले जा सकेगा। इनमें रिवॉल्वर, पिस्टल, राइफल, बंदूक, लाठी और हॉकी स्टिक शामिल है। सुरक्षाकर्मियों को अपने कर्तव्य निर्वहन के लिए हथियार रखने की छूट होगी। होली के दौरान किसी भी व्यक्ति या वाहन पर रंग, ऑयल या तारपीन युक्त रंग-पानी नहीं फेंका जा सकेगा। विशेष छूट में वृद्ध और असहाय व्यक्तियों को सहारे के लिए लाठी रखने की अनुमति है। सिख समुदाय को धार्मिक परंपरा के अनुसार कृपाण धारण करने की छूट रहेगी।

## कोचिंग स्टूडेंट्स के लिए त्यौहार पर जारी की गई गाइडलाइन

**जनमार्ग न्यूज**

**कोटा।** कोटा शहर पुलिस ने कोचिंग स्टूडेंट के लिए होली के त्योहार पर निकली गाइडलाइन हॉस्टल संचालक, पीजी, मैस, रेस्टोरेंट में नहीं बाजा सकेंगे डीजे साउंड सिस्टम और ना ही हॉस्टल्स की छत पर जाएंगे। वही किसी भी तरह की शराब पार्टी, मादक पदार्थ, नशीले पदार्थ का सेवन नशा करते हुए छात्र-छात्राएं मिले तो उसकी जिम्मेदारी हॉस्टल और पीजी में संचालक की होगी। यह नोटिस 13 मार्च और 14 मार्च के लिए बोरखेड़ा थाने की ओर से जारी किया गया है। भारत-न्यूजीलैंड क्रिकेट मैच के दौरान भारत के जीत के जश्न में बोरखेड़ा थाना क्षेत्र में कोरल पार्क और निर्मल रेजिडेंसी इलाके में रहने वाले कोचिंग स्टूडेंट हजारों की तादाद में अपने हॉस्टलों से बाहर निकले और काफी देर तक हुड़दंग करते रहे उसी को देखते हुए बोरखेड़ा पुलिस ने यह निर्णय लिया है।

## हाईटेंशन लाइन के नीचे पेट्रोल पंप संचालन पर रोक

**जनमार्ग न्यूज**

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने अजमेर के पास बांदनवाड़ा में श्मशान के बाहर और हाईटेंशन लाइन के नीचे पेट्रोल पंप संचालन पर साल 2021 में लगाई अंतरिम रोक को स्थायी कर दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि यदि पंप के भूमिगत टैंक में पेट्रोल भरा है तो उसे हटाने की अनुमति दी जाती है। कोर्ट ने एचपीसीएल को यह छूट दी है कि वह संचालक को पंप स्थापित करने के लिए वैकल्पिक जगह उपलब्ध कराए। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश दीपक आचार्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में वकील सुनील समदड़िया और अरिहंत समदड़िया ने बताया कि एचपीसीएल ने साल 2021 में अजमेर के पास बांदनवाड़ा में पेट्रोल पंप का आवंटन किया था। नियमानुसार संवेदनशील क्षेत्र के तीस मीटर और स्कूल के पचास मीटर में पेट्रोल पंप नहीं खुल सकता। इसके बावजूद यहां श्मशान से 25 मीटर और 11 हजार केवी लाइन से महज 18 मीटर दूरी पर पेट्रोल पंप आवंटित किया गया है। श्मशान तेज आग वाला स्थान है और हाईटेंशन लाइन में 11 हजार केवी की बिजली प्रवाहित होती है। ऐसे में यहां पेट्रोल पंप नहीं खोला जा सकता। यदि दुर्घटनावश यहां पेट्रोल लीक हो जाए तो बड़ी आबादी प्रभावित होगी। इसके अलावा यह संवेदनशील जगह से निर्धारित दूरी पर भी नहीं है। याचिका में कहा गया कि एनजीटी ने भी 22 जुलाई, 2019 को पेट्रोल पंप स्थापित करने के लिए मापदंड तय किए हैं, लेकिन मामले में उनकी भी अनदेखी की है। ऐसे में यहां से पेट्रोल पंप हटाया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने 6 अक्टूबर, 2021 को पंप संचालन पर अंतरिम रोक लगा दी थी। सुनवाई के दौरान पंप संचालक ने प्रार्थना पत्र दायर कर कहा कि अदालत ने सिर्फ याचिकाकर्ता को सुनकर ही अंतरिम रोक लगाई है। ऐसे में अंतरिम आदेश को रद्द किया जाए।

## राज्य कार्मिकों की बीमा पॉलिसी ऑनलाइन होगी ओटो जनरेट

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** राज्य बीमा विभाग द्वारा न्यू एसआईपीएफ पोर्टल 3.0 पर मार्च 2025 से पूर्व नियमित हो रहे कार्मिकों की माह मार्च 2025 के वेतन से राज्य बीमा प्रीमियम कटौति प्राप्त होने के उपरांत राज्य बीमा पॉलिसी ऑनलाइन ओटो जनरेट हो सकेगी। बीमा एवं प्रावधायी विभाग के सहायक निदेशक राजेश कुमार ने बताया कि आहरण-वितरण अधिकारियों के अधीनस्थ कार्यरत जिन अधिकारियों, कर्मचारियों की राज्य बीमा प्रीमियम में 1 अप्रैल 2025 से प्रथम कटौति करवाई जानी है। उन कार्मिकों से न्यू एसआईपीएफ पोर्टल पर ऑनलाइन प्रथम घोषणा पत्र पूर्ति के पश्चात घोषणा पत्र से कटौति का मिलान करके ही मार्च 2025 के वेतन बिल को पारित किये जाये। ऑनलाइन अग्रेषित करे, जिससे एसआईपीएफ पोर्टल 3.0 पर ओटो जनरेट राज्य बीमा पॉलिसी संख्या जारी होकर बीमेदार के एसएसओआईडी से अपडेट हो सके।

# साइबर ठगी में दो लोगों को मिली राहत

- अनूपगढ़ पुलिस ने की कार्रवाई
- पीड़ितों को वापस दिलवाई 23 हजार की राशि

**जनमार्ग न्यूज**

**अनूपगढ़।** अनूपगढ़ पुलिस ने साइबर फ्रॉड के दो मामलों में सफलता हासिल की है। पुलिस की सतर्कता से दो पीड़ितों को उनकी ठगी गई राशि वापस मिल गई है। पहला मामला 90 जीबी के निवासी कमल वर्मा का है। जनवरी 2025 में टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से उन्हें निवेश कर पैसे दोगुना करने का झांसा दिया गया। इसमें वह 8 हजार रुपए गंवा बैठे। कांस्टेबल राजेंद्र कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 6 हजार रुपए होल्ड करवा लिए। बाद में अनूपगढ़ न्यायालय के आदेश पर यह राशि कमल वर्मा के खाते में वापस की गई। दूसरा मामला चक 3ए अनूपगढ़ के मोता सिंह का है। दिसंबर 2024 में उन्हें 10 लाख रुपए की फर्जी लॉटरी का झांसा दिया गया। इसमें वह 17,100 रुपए गंवा बैठे। इस मामले में भी कांस्टेबल राजेंद्र कुमार ने पूरी राशि होल्ड करवाई। 10 मार्च को न्यायालय के आदेश से यह राशि मोता सिंह के खाते में वापस की गई। थाना अधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि पहले मामले में ठग ने तीन बार में पैसे निकाले थे। पैसे बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते में ट्रांसफर किए गए थे। दोनों




पीड़ितों ने पैसे वापस मिलने पर थाने आकर पुलिस का आभार व्यक्त किया।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

# एसडीएम और पटवारी सहित पंद्रह के खिलाफ मामला दर्ज

- पूगल में पांच सौ हेक्टेयर जमीन फर्जी आवंटन मामला
- जमीन खरीदने वाले भी नामजद

**जनमार्ग न्यूज**

**बीकानेर।** बीकानेर के पूगल में पांच सौ हेक्टेयर से ज्यादा जमीन के फर्जी आवंटन के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मामला दर्ज कर लिया है। जयपुर में दर्ज इस मामले में एसडीएम, पटवारी सहित पंद्रह कार्मिकों और 31 लाभार्थियों को नामजद किया गया है। इस तरह कुल 46 लोगों पर फर्जीवाड़े की एफआईआर दर्ज हो गई है। आरोप है कि पूगल में तत्कालीन अधिकारी व कर्मचारियों की मिलीभगत से 508.68 हेक्टेयर जमीन का फर्जी तरीके से



आवंटन किया गया। करीब दो हजार बीघा भूमि के फर्जी आवंटन से राज्य सरकार को करीब चालीस करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। अब इस मामले में एसीबी मुख्यालय से जांच की जा रही है। बीकानेर के छत्तरगढ़ और पूगल में जमीनों के फर्जी आवंटन को लेकर शिकायतें मिल रही थी। इस पर जिला प्रशासन ने प्रशिक्षु आईएएस यक्ष चौधरी को इस मामले की जांच सौंपी। जांच में पता चला कि पूगल में कार्मिकों ने पद का दुरुपयोग करते हुए 31 लोगों को भूमि आवंटित कर दी। इससे सरकार को चालीस करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। जांच रिपोर्ट मिलने पर जिला कलेक्टर ने इनके खिलाफ मामला दर्ज करने की अनुमति दी। राजस्व विभाग के आदेश पर तत्कालीन पंद्रह कार्मिकों व 31 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बीकानेर चौकी के एएसपी महावीर प्रसाद शर्मा की रिपोर्ट पर मुकदमें की जांच स्पेशल यूनिट के एएसपी आशीष कुमार को सौंपी गई है। घोटाला करते हुए करणीसर भाटियान, बांदरेवाला, बरजू, दीनसर, सुरासर में जमीनें आवंटित कर दी गई। अब प्रशासन ने पिछले दस साल में हुए आवंटन की जांच के लिए भी अलग से कमेटी बना दी है। पूगल की तत्कालीन एसडीएम सीता शर्मा, तत्कालीन एसडीएम मनोज खेमदा, तत्कालीन तहसीलदार रामेश्वर लाल गड़वाल, तत्कालीन तहसीलदार अदित्या, तत्कालीन तहसीलदार सेवानिवृत कालूराम, तत्कालीन तहसीलदार महेंद्र सिंह मुवाल, तत्कालीन तहसीलदार राजेश कुमार शर्मा,तत्कालीन भू अभिलेख निरीक्षक इकबाल सिंह, अभिलेख निरीक्षकजय सिंह चौहान, तत्कालीन ऑफिस कानूनगो भंवरराम मेघवाल, तत्कालीन पटवारी राजेंद्र कुमार स्वामी, तत्कालीन पटवारीविकास पूनिया, लूणाराम, मांगीलाल के खिलाफ एसीबी ने मामला दर्ज किया है। मामला दर्ज होने से पहले ही रणवीरसिंह का निधन हो चुका है।

## सालगिरह मुबारक



**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** राज्य कर्मचारी कॉलोनी निवासी हीरालाल-अभिलाषा गौड़ की शादी की 25 वी वर्षगांठ पर भाई-भाभी, भाभी सुमन, छोटे भाई-बहू -सुरेश-पूनम, कुलदीप-नेहा, सास-कमलेश देवी, साली-चंचल, भतीजे-बहू- सूर्यकांत शिल्पी, गौतम-कुसुम, विमल- रितु, गौरव- मोनिका, विक्रांत वशिष्ठ-शालू भतीजे-अभिषेक, लक्ष्य, नमन गौड़, बेटी-दामाद दीक्षा-करण, किट्टू शंकर, पुत्र-युवराज गौड़, पौता-चीरायू, पौती-पीहिका, भाविका, लोकिता, दोहिता-मानविक कौशिक, दोहिती दिविषा व समस्त रिश्तेदारों, मित्रगणों, परिवारजनों की ओर से शुभकामनाएं।

# नरेश शर्मा को मातृशोक

**जनमार्ग न्यूज**



**श्रीगंगानगर।** जिला कैमिस्ट श्रीगंगानगर एलाइंस व सारस्वत ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष व जय भारत मैडिकल हॉल व अमृत मिष्ठान भंडार के संचालक नरेश शर्मा की माता श्रीमती शकुंतला देवी धर्मपत्नी सेवानिवृत्त जिलेदार कैलाशचन्द्र शर्मा का मंगलवार 11 मार्च को निधन हो गया। जिनकी अंतिम संस्कार आज पदमपुर रोड स्थित कल्याण भूमि में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिकों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा को अंतिम विदाई दी। स्व. शकुंतला देवी स्व. हरीश शर्मा, नरेश शर्मा व विजय शर्मा की माता थी। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़कर गई है।

## रिटायर्ड फौजी की हत्या करने पर पिता-पुत्र गिरफ्तार

**जोधपुर।** कार-पिकअप से टक्कर से रिटायर्ड फौजी की हत्या के मामले में आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया गया है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पिता-पुत्र ने रास्ते के विवाद को लेकर वारदात को अंजाम दिया था। घटना जोधपुर शहर के निकटवर्ती बालरवा गांव में रविवार सुबह की है। एडीसीपी (ईस्ट) वीरेंद्र सिंह ने बताया कि वारदात के 48 घंटे बाद आरोपी भोमसिंह (48) पुत्र गंगा सिंह और उसके बेटे महिपाल सिंह (20) को गिरफ्तार किया गया है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692